आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* भगवान वामन प्राकट्योत्सव ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 53 | इंदौर, बुधवार 23 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

धार्मिक नगरी से धोखा : शराब कारोबारियों का पेट कभी नहीं भरेगा

# जन आंदोलन की दरकार... महिलाएं और सामाजिक संगठन आगे आएं, तभी शहर के मुहाने से उखाड़ कर फेंक सकते हैं शराब का कलंक

## शराबबंदी के सरकारी फैसले का रास्ता निकाल रहे कारोबारी, नियमों की निगरानी पर आबकारी और हाईवे एजेंसियों से सवाल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

धार्मिक नगरी को शराब के कलंक से मुक्त करने का सरकारी फैसला क्या केवल नगर सीमा के अंदर तक सीमित होकर रह गया है? शहर के भीतर शराब की दुकानें बंद हैं, लेकिन शहर में प्रवेश मार्गों पर कुछ दूर आगे बढ़ते ही शराब के बड़े-बड़े ठिकाने दिखाई देने लगें तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि शराब बंद हुई है या सिर्फ उसका पता बदला गया है?

सरकार ने धार्मिक आस्था के केंद्रों को शराबमुक्त करने का निर्णय लिया। उज्जैन भी इस निर्णय के दायरे में आया। शहर के भीतर शराब की दुकानें और संबंधित लाइसेंसी बार बंद किए गए। लेकिन इसके बाद शराब कारोबार ने शहर की सीमा के बाहर अपना नया ठिकाना बना लिया। परिणाम यह है कि धार्मिक नगरी के अंदर शराब की दुकान नहीं, लेकिन शहर के दरवाजे पर शराब का बाजार दिखाई दे रहा है। यही वह स्थिति है जिस पर अब प्रशासन को सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर जवाब देना होगा।

### अब महिलाओं और सामाजिक संगठनों को उठानी होगी आवाज

यदि उज्जैन को वास्तव में शराब के प्रभाव से मुक्त रखना है तो यह जिम्मेदारी केवल सरकार और प्रशासन की नहीं हो सकती। महिला संगठन, सामाजिक संस्थाएं, धार्मिक संगठन, नागरिक मंच और युवा संगठन इस मुद्दे पर तथ्य आधारित अभियान चला सकते हैं। उन्हें यह देखना होगा कि शहर की सीमा के आसपास कौन-कौन सी दुकानें हैं, वे किन मार्गों पर हैं और लागू नियमों का पालन किस हद तक हो रहा है। शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से दस्तावेज जुटाकर सवाल पूछने होंगे। किसी दुकान को हटाने की मांग से पहले यह भी पूछा जाना चाहिए कि उसका लाइसेंस किस आधार पर है, उसका स्थान किस नियम के तहत स्वीकृत हुआ और हाईवे से संबंधित सभी शर्तों का सत्यापन किस अधिकारी ने किया।




### अब कागजी जांच नहीं, जमीन पर नाप हो

उज्जैन प्रशासन को चाहिए कि शहर की सीमा के आसपास संचालित शराब दुकानों का संयुक्त सर्वे कराए। आबकारी विभाग, एनएचएआई, एमपीआरडीसी और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर जाएं और प्रत्येक दुकान की स्थिति की वीडियोग्राफी एवं दस्तावेजी जांच करें। नक्शे पर नहीं, सड़क पर खड़े होकर देखा जाए कि दुकान दिखाई देती है या नहीं। फाइल में नहीं, मौके पर देखा जाए कि ग्राहक पहुंचता कहां से है। सिर्फ दूरी नहीं, पूरे नियमों की जांच हो। और यदि कहीं नियमों का उल्लंघन सामने आता है तो कार्रवाई भी उसी तेजी से होनी चाहिए जिस तेजी से शहर के भीतर शराब की दुकानें बंद की गई थीं।

### किसान संघर्ष समिति के आंदोलन से सीखने की जरूरत

शहरवासियों को उन जनआंदोलनों से भी सीख लेनी चाहिए जिनमें लंबे समय तक लगातार आवाज उठाकर प्रशासन और सरकार के सामने मुद्दे को जीवित रखा गया। एक-दो दिन का विरोध अक्सर सुर्खी बनकर खत्म हो जाता है। लेकिन तथ्यों, दस्तावेजों और लगातार जनदबाव के साथ चलने वाला लोकतांत्रिक आंदोलन व्यवस्था को जवाब देने के लिए मजबूर कर सकता है।
शराब के मुद्दे पर भी यदि नागरिक समाज आगे आता है तो सवाल केवल नारे का नहीं होना चाहिए। सवाल होना चाहिए–

- कितनी दुकानें बंद हुईं?
- कहां स्थानांतरित हुईं?
- किस नियम के तहत स्थान मिला?
- हाईवे से कितनी दूरी है?
- दुकान हाईवे से दिखाई देती है या नहीं?
- सीधा प्रवेश है या सर्विस रोड से पहुंच है?
- निरीक्षण किसने किया?

इन सवालों के जवाब सामने आते ही तस्वीर भी साफ हो जाएगी।

### शराब की दुकानें हटाईं या शहर के दरवाजे पर पहुंचा दीं?

- सरकारी निर्णय के बाद शहर के अंदर से शराब की दुकानें हट गईं। लेकिन शहर के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर जिस तरह शराब के नए केंद्र विकसित हुए हैं, उससे पूरे फैसले की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।
- शहर के बाहर पहुंचते ही बड़े आकार की शराब दुकानें, भारी स्टॉक और आसपास दिखाई देने वाली कारोबारी गतिविधियां यह सवाल पैदा करती हैं कि आखिर शराब की उपलब्धता को कम करने का उद्देश्य कितना पूरा हुआ?
- यदि शहर के अंदर की दुकान कुछ किलोमीटर बाहर कर देने से वही कारोबार जारी रहता है और ग्राहक को शराब लेने के लिए केवल शहर की सीमा पार करनी पड़ती है, तो इसे शराबबंदी के उद्देश्य की पूर्ण सफलता कैसे माना जाए–यह सवाल प्रशासन को जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए।

**धार्मिक नगरी के सम्मान का सवाल-** उज्जैन को शराबमुक्त धार्मिक नगरी बनाने का निर्णय केवल सरकारी आदेश नहीं, बल्कि शहर की धार्मिक पहचान से जुड़ा फैसला है। इसलिए इसकी सफलता का पैमाना यह नहीं हो सकता कि नगर निगम सीमा के अंदर दुकान का शटर बंद है।
असल सवाल यह है कि– क्या महाकाल की नगरी में प्रवेश करने वाले व्यक्ति को शहर के मुहाने पर शराब का बाजार दिखाई देता है या धार्मिक नगरी की पहचान?
यही सवाल अब प्रशासन, सरकार और शहरवासियों–सभी के सामने है।
शहर के अंदर से शराब हटाकर शहर के दरवाजे पर खड़ी कर देना समाधान नहीं हो सकता। यदि उज्जैन को सचमुच धार्मिक नगरी के रूप में स्थापित करना है तो शराब के कारोबार की मौजूदगी, नियमों के पालन और शहर की सीमा के आसपास की पूरी व्यवस्था पर एक बार फिर कठोर और पारदर्शी समीक्षा जरूरी है।

### शहर के अंदर छोटी दुकानें बाहर बड़े शराब केंद्र!

शराबबंदी के बाद एक और बदलाव लोगों की नजर में आया है। शहर के अंदर जिन दुकानों का संचालन सीमित आकार के परिसरों में होता था, शहर के बाहर कई स्थानों पर बड़े परिसर और भारी स्टॉक रखने की क्षमता वाले आउटलेट दिखाई देते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि शराबबंदी का असर शराब के कारोबार पर पड़ा या सिर्फ शराब की दुकानों के पते पर? यदि शहर के भीतर ग्राहक को शराब नहीं मिलती और वहीं ग्राहक शहर की सीमा से बाहर जाकर आसानी से शराब खरीद सकता है, तो नशामुक्ति की नीति की वास्तविक प्रभावशीलता का आकलन करना जरूरी है।

### कालभैरव की नगरी में भी बदला शराब का रास्ता

भगवान कालभैरव को मदिरा अर्पण करने की परंपरा से जुड़े क्षेत्र में भी पहले स्थानीय स्तर पर शराब उपलब्धता की अलग व्यवस्था थी। सरकारी शराबबंदी के बाद यह व्यवस्था बदल गई।
अब यह सवाल धार्मिक परंपरा और सरकारी नीति दोनों के संदर्भ में सामने है कि जब सरकार ने धार्मिक क्षेत्र को शराबमुक्त घोषित किया है तो ऐसी परंपराओं से जुड़े प्रशासनिक समाधान को भी स्पष्ट और पारदर्शी तरीके से जनता के सामने रखा जाना चाहिए।
शराब कारोबारियों का पेट भरता रहेगा या धार्मिक नगरी की मर्यादा भी देखी जाएगी? शराब कारोबार स्वाभाविक रूप से अपने बाजार की तलाश करता है। दुकान शहर में बंद होगी तो कारोबार शहर के बाहर जाएगा। यही वजह है कि केवल लाइसेंस का स्थान बदलने से सामाजिक समस्या समाप्त नहीं होती। धार्मिक नगरी के मामले में प्रश्न इससे बड़ा है।
क्या शहर की सीमा खींचते ही धार्मिक वातावरण की जिम्मेदारी भी खत्म हो जाती है?
शहर के मुहाने पर शराब की बड़ी दुकान हो, आसपास शराब खरीदने वालों की भीड़ हो और दूसरी ओर कुछ किलोमीटर आगे महाकाल की नगरी शुरू हो जाए–यह दृश्य उस नीति की भावना पर सवाल खड़ा करता है जिसके तहत शहर को शराबमुक्त किया गया।

### शहरवासियों का सीधा सवाल...

जब शहर को शराबमुक्त करना ही था तो शराब कारोबार को शहर के मुहाने पर क्यों खड़ा रहने दिया गया? हाईवे के नियम–कागज पर सख्त, जमीन पर कितने लागू?
मामला केवल शराबबंदी तक सीमित नहीं है। हाईवे के आसपास शराब दुकानों के संचालन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश भी लागू होते हैं। दुकान की स्थिति, हाईवे से उसकी दृश्यता, सीधे प्रवेश की व्यवस्था और लागू दूरी जैसे कई मानकों की जांच आवश्यक है। ऐसे में सवाल यह है कि उज्जैन के आसपास संचालित दुकानों का संयुक्त और वास्तविक स्थल निरीक्षण आखिर कितनी गंभीरता से हुआ? कहीं ऐसा तो नहीं कि कागजों में दुकान हाईवे से पीछे है और जमीन पर ग्राहक के लिए रास्ता बिल्कुल सामने? कहीं ऐसा तो नहीं कि सर्विस रोड और बायपास के नाम पर नियमों की व्याख्या ऐसी कर दी गई कि शराब दुकान का कारोबार भी चलता रहे और नियमों का उल्लंघन भी दिखाई न दे? यही वह बिंदु है जहां आबकारी विभाग, एनएचएआई, एमपीआरडीसी और स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर पारदर्शिता जरूरी हो जाती है। बायपास के पीछे दुकान, लेकिन कारोबार हाईवे के सामने!
शहर की सीमा से बाहर दुकानें लगाने के बाद यदि दुकान को हाईवे से थोड़ा पीछे कर दिया गया हो, लेकिन उसका मुख्य प्रवेश, साइन बोर्ड, ग्राहक आवागमन और कारोबारी गतिविधियां हाईवे से स्पष्ट दिखाई देती हों, तो इसकी वैधानिक स्थिति की जांच जरूरी है।
दूरी नापने से पहले यह भी देखना होगा कि दुकान दिखाई कितनी देती है और पहुंचती कहां से है। यही वजह है कि केवल नक्शे पर दूरी दिखाकर मामले को खत्म नहीं किया जा सकता। जमीन पर स्थिति क्या है, यह देखने के लिए संयुक्त निरीक्षण होना चाहिए।

### धार्मिक नगरी का प्रवेश द्वार या शराब कारोबार का नया गलियारा?

- उज्जैन में आने वाला व्यक्ति शहर के प्रवेश मार्ग पर सबसे पहले क्या देखता है, यह भी शहर की पहचान का हिस्सा है।
- महाकाल की नगरी में देशभर से श्रद्धालु आते हैं। धार्मिक पर्यटन लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में शहर के प्रवेश मार्गों के आसपास शराब के बड़े कारोबारी केंद्र दिखाई देना सिर्फ आबकारी विभाग का विषय नहीं रह जाता। यह उज्जैन की सार्वजनिक छवि और धार्मिक पहचान से जुड़ा प्रश्न बन जाता है।

## देश विदेश

### दर्द निवारक और एंटीबायोटिक के मनमाने उपयोग पर सर्कुलर जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के न्यू ड्रग्स डिवीजन ने दर्द निवारक दवाओं (एनएसएआईडी) और एंटीबायोटिक के मनमाने इस्तेमाल को लेकर सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर में कहा गया है कि एनएसएआईडी और एंटीबायोटिक समेत सभी दवाओं के आयात, निर्माण, बिक्री और वितरण को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और इसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार नियंत्रित किया जाता है।

### बिहार में लड़की को बैड टच करने वाले का एनकाउंटर

**जमुई।** बिहार के जमुई में नाबालिग छात्रा से बदसलूकी करने वाले मुख्य आरोपी नंदन यादव का पुलिस ने एनकाउंटर किया। उसने मंगलवार को पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों की माने तो आरोपी उसी मड़वा पहाड़ी के आसपास छिपा हुआ था, जहां दोनों स्टूडेंट घूमने गए थे। पुलिस के मुताबिक वायरल वीडियो में लाल गमछा पहने दिख रहा युवक नंदन है। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एनसीईआरटी 9वीं की सोशल साइंस, गणित की किताबें जारी

**नई दिल्ली।** नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग ने 2026-27 एकेडमिक सेशन के लिए क्लास 9 की 2 संशोधित किताबें लॉन्च की है। एनसीईआरटी की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, कक्षा 9 में गणित की नई किताब गणित मंजरी - पार्ट 2 की प्रिंटिंग पूरी हो चुकी है। यह किताब 21 सितंबर 2026 से बिक्री के लिए उपलब्ध करा दी गई है। वहीं कक्षा 9 की सोशल साइंस की नई किताब की बिक्री 30 सितंबर 2026 से शुरू होगी।

### रानी मुखर्जी की मां का 75 की उम्र में निधन



बॉलीवुड जगत में शोक की लहर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की मां और पूर्व पार्श्व गायिका (प्लेबैक सिंगर) कृष्णा मुखर्जी का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। मंगलवार दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। परिवार ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इस दुखद खबर की पुष्टि की और इस मुश्किल वक्त में प्रशंसकों व मीडिया से निजता (प्राइवेसी) बनाए रखने की अपील की है। कृष्णा मुखर्जी के निधन से पूरी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में शोक का माहौल है। कृष्णा मुखर्जी का सिनेमा जगत से जुड़ाव केवल रानी मुखर्जी की मां होने तक सीमित नहीं था। वह स्वयं एक प्रतिभाशाली प्लेबैक सिंगर थीं, जिससे रानी को बचपन से ही घर में कलात्मक और संगीतमय माहौल मिला। कृष्णा मुखर्जी का विवाह जाने-माने फिल्म निर्देशक और फिल्मालय स्टूडियोज के सह-संस्थापक राम मुखर्जी से हुआ था। राम मुखर्जी का निधन वर्ष 2017 में हुआ था। रानी मुखर्जी अपनी मां के बेहद करीब थीं और उन्हें अपने जीवन की सबसे बड़ी ताकत मानती थीं।

### नैनो न्यूज

- **भोपाल** : प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्रों में बनेंगे स्टेडियम और हेलीपेड, मोहन कैबिनेट के अहम फैसले।
- **नई दिल्ली** : ट्राई का टेलीकॉम कंपनियों को आदेश, लो-इनकम वाले यूजर्स के लिए कम वैलिडिटी के वॉइस और रटर रिचार्ज प्लान लाएं।
- **नई दिल्ली** : स्मार्टफोन स्क्रीनगार्ड के लिए बीआईएस रजिस्ट्रेशन जरूरी होगा, घटिया क्वालिटी वाले गार्ड नहीं बिक सकेंगे, नए नियम 1 अप्रैल 2027 से लागू।
- **वाशिंगटन** : अमेरिकी चैनलों ने ट्रम्प की लाइव कवरेज रोकी, 3 मीडिया हाउस पर बैन के बाद फैसला, जवाब में व्हाइट हाउस ने ट्रम्प टीवी लॉन्च किया।
- **तेलंगाना** : अस्पताल में आग से 3 नवजात की मौत, 27 बच्चे एडमिट थे, एसी फटने की आशंका।
- **नॉर्थ कोरिया** : हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट किया, 600 किमी तक गईं 2 मिसाइलें।
- **वाशिंगटन** : अमेरिका की कल से ईरानी एयरलाइंस बंद कराने की धमकी, कहा- जो कंपनियां इनकी मदद करेंगी, उनके खिलाफ एक्शन लेंगे।

## हार्वेस्टर ने कार को मारी टक्कर परिवार के चार लोगों की मौत

**एजेंसी ▶▶ बारां**

राजस्थान के बारां जिले के अटरू-कवाई मार्ग पर मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार हार्वेस्टर और कार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार चार लोग अंदर ही फंस गए। हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में डॉक्टर दंपती भी शामिल हैं। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



स्कूल ठीक करो अभियान

## स्कूलों में हालात परखने पहुंचे सौरव दास, कहीं भी घुसने नहीं दिया

**एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा**

मंगलवार शाम ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर मुआवजे की मांग कर रहे किसानों को पुलिस ने बलपूर्वक हटाया। खींचतान में दो किसान चोटिल हुए। पुलिस ने लाठीचार्ज से इन्कार किया है।

सरकारी स्कूलों की जमीनी स्थिति जानने निकले काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह-संयोजक सौरव दास को जिले के तीन स्कूलों के भीतर प्रवेश नहीं मिल सका। वह मंगलवार को देवला, मकौड़ा और जैतपुर वैशपुर के स्कूलों में सुविधाओं का ऑडिट करने के लिए पहुंचे थे। कहीं भी स्कूल में टीम के सदस्यों का प्रवेश नहीं मिला। देवला में तो स्कूल के बाहर पुलिस तैनात थी। ऐसे में टीम को गेट से ही वापस लौटना पड़ा। सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो में टीम के सदस्यों ने स्कूल के शिक्षकों से पूछा कि प्रवेश क्यों नहीं मिल रहा है। तो शिक्षकों ने बताया कि बीएसए का आदेश है कि किसी को भी अंदर नहीं आने दिया जाए। बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। इसके बाद दास ने स्कूलों की व्यवस्था और निरीक्षण में कथित रोक को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

## मणिपुर में 6 उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार-विस्फोटक भी जब्त

**मणिपुर।** मणिपुर के इम्फाल ईस्ट और तेंगनौपाल जिलों में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, ये गिरफ्तारियां सोमवार, रविवार और 21 सितंबर को अलग-अलग संयुक्त अभियानों में हुईं। कार्रवाई राज्य पुलिस कमांडो, असम राइफल्स और सेना ने की।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-धार्मिक वजह से वंदेमातरम न गाना अपराध नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

वंदे मातरम गीत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, धार्मिक कारणों से राष्ट्रगीत न गाने वाले व्यक्ति को आपराधिक कार्रवाई का सामना नहीं करना चाहिए।

कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने यह देखने पर सहमति दी कि वंदे मातरम न गाने को दंडनीय अपराध बनाया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने यह तय करने से इनकार किया कि राष्ट्रगीत केवल दो अंतरों तक सीमित रहेगा या छह अंतरों तक होगा। कानून में वंदे मातरम के गायन को रोकने या गायन में जानबूझकर बाधा डालने को अपराध बनाया गया है। यह सुनवाई गायक टीएम कृष्णा की याचिका पर हुई।




ओडिशा में जमुई जैसी छेड़छाड़ की घटना

## बाइक सवार कपल को घेरकर पीटा, युवती से बदसलूकी

**एजेंसी ▶▶ ढेंकनाल**

ओडिशा के ढेंकनाल जिले में कपिलाश से लौट रहे एक युवक और युवती के साथ कथित मारपीट और बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस के अनुसार, दोनों दो मोटरसाइकिलों से आए चार लोगों के समूह का हिस्सा थे। लौटते समय स्थानीय युवक से विवाद के बाद कुछ लोगों ने कथित तौर पर उनका पीछा किया और उन्हें रोक लिया।

बिहार के जमुई में एक नाबालिग लड़के और लड़की के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटना के बाद ऐसा ही मामला अब ओडिशा में भी सामने आया है। ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक युवक और युवती के साथ कथित मारपीट और बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।



घटना कपिलाश की ओर जाने वाली सड़क पर हुई बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है और अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि युवक और युवती मोटरसाइकिल से कपिलाश गए थे। लौटते समय उन्हें कुछ लोगों के एक समूह ने रोक लिया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कई लोग दोनों को घेरते दिखाई दे रहे हैं।

### वायरल वीडियो में कपल से बदसलूकी करते दिखे लोग

वीडियो में एक युवक के साथ मारपीट होती दिखाई दे रही है। वहीं, कुछ लोग युवती के साथ कथित तौर पर बदसलूकी करते नजर आ रहे हैं। युवती आसपास मौजूद लोगों से बार-बार दोनों को छोड़ देने की गुहार लगाती सुनाई दे रही है। इसके बावजूद मारपीट और बदसलूकी जारी रहने का आरोप है।
मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ढेंकनाल के पुलिस अधीक्षक अभिनव सोनकर ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा, हमने दो लोगों को हिरासत में लिया है। हम अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रहे हैं।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### वैध पर अवैध भारी, व्यवहारिक मान्यता जारी

वैध पर अवैध भारी हैं और इसकी व्यवहारिक मान्यता जारी हो चुकी है। बड़े साहेबान एवं बड़े-बड़े सियासतदार भी इन्हें ऐसी तवज्जो दे रहे जो कभी वैध को नहीं मिली। पलक पावड़े बिछाए जा रहे और रेड कार्पेट के साथ अवैध को व्यवहारिक मान्यता जारी की जा रही है। एक समय था जब सामाजिक प्रचार प्रसार में खबरों को शामिल करने वालों को अवैध मानते हुए ऐसे सभी यू टू को उसकी सूची में शामिल किया गया था। सभी जिलों में खूद राज्य शासन के आदेश पर एक समिति बनी थी और इस समिति में जिले के प्रशासनिक मुखिया को अध्यक्ष का दायित्व दिया गया था। सचिव का दायित्व प्रचार प्रसार भोंपू विभाग के अधिकारी के पास होता था। ये स्थानीय स्तर पर चलने वाले चैनलों एवं उनके समाचार प्रदर्शनों को भी दायरे में रखते थे और नियंत्रक की भूमिका निभाते थे। यू टू वालों को तो अवैध की श्रेणी में ही रखा जाता था। पंजीबद्ध चैनल एवं पेपरों को ही मान्यता रहती थी और उन्हें ही किसी भी आयोजन प्रयोजन की जानकारी देने के लिए ससम्मान आमंत्रित किया जाता था। वक्त पर इन पंजीकृतों ने भी जमकर भाव खाए और अपने रंग दिखाते हुए तेवर भी आजमाए। समय के साथ अवैध को व्यवहारिक मान्यता ऐसी मिली हुई है कि उन्हें हाल ही में दीप वाले आयोजन में वैध के प्रतिनिधियों को दरकिनार करते हुए प्रशासन ने बुलाया और अपनी बात को रखा भी और तवज्जो भी दी। यही नहीं व्यवहारिक मान्यता वाले अवैध के जलवे चलने लगे हैं भोंपू विभाग के राजधानी से उन्हें नवाजा जा रहा है और उन्हें सत्ता के गुणगान के लिए मुफ्त यात्रा सहित अन्यानेक पुरस्कार दिए जा रहे हैं। खास तो यह है कि व्यवहारिक मान्यता मिलने के बाद भी अवैध को लेकर किसी प्रकार के विधान का प्रारूप इनमें से कोई भी आगे करने को तैयार नहीं है। मतलब यूज एंड थ्रो की मानसिकता है। यही स्थिति अवैध की भी है वे भी समयानुसार इनका उपयोग कर रहे हैं और सिक्के की खनखनाहट के साथ अपना पासा भी बस्तर कांड में इन्होंने भी यूज एंड थ्रो का रंग दिखाया और सत्ता और विपक्ष दोनों को चूना लगाया। असल में तो व्यवहारिक मान्यता वाले अवैध ही इन्हें रास आ रहे हैं। हाल ही में नागपंचमी पर भी व्यवहारिक मान्यता वाले अवैधों ने ही देश भर में किरकिरी करवाई थी। वैध पंजीकृतों ने तो फिर भी दूसरे दिन इज्जत बचाई और मामले को बराबर कर दिया लेकिन ओवर सत्य के चलते रील पसंदों को दूसरी चोंट अवैधों ने और दीप वाले दिन भी दी फिर भी सुधरने की स्थिति नहीं है। खुसूर-फुसूर है कि जो समाज और प्रशासन अपनी ही वैधानिकता को खुद चुनौती देते हुए व्यवहारिक मान्यता में अवैध को सिरमौर बना दे वह कभी भी विश्वसनीय नहीं कहा जा सकता है और न ही उसे विधान पालन कर्ता के रूप में ही देखा जाना चाहिए। वो मात्र एक छद्म को अंजाम दे रहा है और शक्ति के सामने अपने अवदान गिनाने में लगा है। अगर ऐसा ही है तो इन प्रभावकों के लिए कानूनी स्थिति में प्रेस एक्ट के तहत पहल करते हुए वैधानिकता प्रदान करने का साहस कर दिखाएं।

## नैनो न्यूज

- **50 दिन की अमेरिका यात्रा** के अनुभवों का दस्तावेज है दो दुनिया-एक नजर, डॉ. अशोक खंडेलवाल की पुस्तक का हुआ विमोचन, अकेले सफर में एआई बना साथी
- **तपस्या की अनुमोदना** से गूंजा जैन समाज, साधार्मिक वात्सल्य में हुआ तपस्वियों का बहुमान, आठ उपवास, महामृत्युंजय एवं सिद्धि तप के तपस्वियों की आराधना की अनुमोदना
- **अघोरी बाबा** के साथ कालभैरव मंदिर में जातिगत भेदभाव, उनके जाने के बाद कालमंदिर में करते हैं सफाई, जातिगत अपमान का आरोप लगाते हुए बाबा ने की पुलिस-प्रशासन से शिकायत
- **गजानन को लगा छप्पन भोग** हुई महाआरती, किया आकर्षक श्रृंगार, उपवन रेसिडेंसी में हुए आयोजन में उमड़े श्रद्धालु,
- **सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय** में नक्षत्र वाटिका का लोकार्पण, परिसर में 27 नक्षत्रों के अनुरूप रोपे गए पौधे, विद्यार्थियों ने लिया संरक्षण का संकल्प

## ट्रेंडिंग




# देवा ओ देवा गणपति देवा की मची है धूम

## माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बना भव्य प्रतिमाएं बनी आकर्षण का केंद्र, दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़



नामदारपुरा में अवंतिका नगरी के युवराज



अवंतिपुरा में श्री गणेशाय नवयुवक मंडल



इंदौर गेट पर रंगबावड़ी मित्र मंडल के गणेश जी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में गणेश उत्सव उत्साह व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नगर में गणपति बाबा मोरिया के जयघोष गूंज रहे हैं और माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बना हुआ है। शाम ढलने के बाद श्रद्धालु गणेश भगवान की विराजित मूर्तियों का दर्शन कर मोबाइल से सेल्फी लेने से भी नहीं चूक रहे हैं।

**रंगबावड़ी पर विराजित सिंदूरी इको फ्रेंडली गणेश जी-** इंदौर गेट पर रंगबावड़ी क्षेत्र में रंगबावड़ी मित्र मंडल द्वारा विशाल व आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 7 वर्षों से क्षेत्र में गणेश उत्सव मनाते आ रहे हैं यहां विराजी गणेश जी सिंदूरी कलर के हैं। और उन्होंने सफेद वस्त्र धारण कर रखे हैं तथा सिर पर पगड़ी है और हाथ में गदा पकड़े हुए हैं यहां विराजित गणेश प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और शाम होते ही लोग गणेश जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं आयोजकों ने आगे बताया कि 25 सितंबर को महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

**नामदारपूरा गणेश चौक में विराजित अवंतिका नगरी के युवराज, आज लगेगा 251 लीटर दूध की खीर का भोग-** जीवाजीगंज क्षेत्र के नामदारपूरा लालबाई फूलबाई मार्ग गणेश चौक में अवंतिका नगरी के युवराज राष्ट्रीय महाकाल सेना द्वारा 26 फीट ऊंची सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों से गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं और इस बार भी 80 हजार रुपए कीमत की गणेश जी की विशाल व सुंदर प्रतिमा विराजित की गई है यहां विराजित गणेश जी अवंतिका के युवराज के नाम से प्रसिद्ध है तथा आज डोल ग्यारस पर 251 लीटर दूध की खीर बनाकर प्रसाद का भोग लगाकर वितरित किया जाएगा। आयोजकों ने धर्म प्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम व खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा।



नीलगंगा क्षेत्र में महेंद्र परिहार मित्र मंडल



कार्तिक चौक के महाराज

- **कार्तिक चौक में विराजे कार्तिक चौक के महाराज-** कार्तिक चौक में कालिदास नवयुवक मंडल गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा सुंदर व आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित कर क्षेत्र में गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। यहां विराजित गणेश जी के साथ भगवान जगन्नाथ व रिद्धि सिद्धि भी विराजमान है आयोजकों ने बताया कि कार्तिक चौक में गणेश जी की स्थापना पिछले 50-60 वर्षों से की जा रही है इस परंपरा का हमारे द्वारा भी निर्वाह किया जा रहा है और इस बार भी गणेश जी की स्थापना कर गणेश उत्सव क्षेत्र में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यहां विराजित गणेश जी कार्तिक चौक के महाराज के नाम से जाने जाते हैं तथा गणेश पंडाल में सोमवार को हनुमान अंश फिल्म भी दिखाई गई तथा विसर्जन के दौरान भव्य जुलूस निकालकर गणेश जी का विसर्जन किया जाएगा।
- **नीलगंगा क्षेत्र में विराजित गणेश जी के ऊपरी भाग में शिवलिंग के साथ सूर्यदेव चंद्रदेव भी विराजमान-** नीलगंगा क्षेत्र में महेंद्र परिहार मित्र मंडल द्वारा उज्जैन कि दूसरे नंबर की सबसे बड़ी 30 फीट ऊंची सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूम-धाम के साथ मनाया जा रहा है। यहां विराजित मूर्ति की खासियत यह है कि भगवान गणेश के साथ ऊपरी हिस्से में शिवलिंग है साथ ही सूर्यदेव व चंद्रदेव भी विराजमान है यह प्रतिमा लोगों को काफी पसंद आ रही है। आयोजक महेंद्र परिहार ने बताया कि नीलगंगा क्षेत्र में पिछले 40 वर्षों से गणेश जी की स्थापना कर गणेश उत्सव बड़ी धूम-धाम के साथ मनाया जाता है, इस बार भी गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है आगे बताया कि 24 सितंबर को खाटू श्याम जी की भजन संध्या रखी गई है।

**मुख्यमंत्री के निवास अवंतीपुरा क्षेत्र में भी विराजित गणेश जी आज होगी भजन संध्या-** मुख्यमंत्री मोहन यादव के निवास के समीप अवंतीपुरा व गीता कॉलोनी क्षेत्र में श्री गणेशाय नवयुवक मंडल व केशव यादव मित्र मंडली द्वारा सुंदर व आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 25 वर्ष से क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं। इस बार भी उन्होंने देवास से गणेश जी की सुंदर प्रतिमा मंगवाकर विराजित की है। आयोजकों ने आगे बताया कि आज 22 सितंबर को गणेश पंडाल में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।



## अंडर-11 में उज्जैन के आरव जैन बने विजेता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का स्थानीय लोकमान्य तिलक स्कूल के राजाभाऊ महाकाल हॉल में शानदार समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष एकल में भोपाल के शिवम सोलंकी तथा महिला एकल में भोपाल की परमी नागदेव ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं अंडर-11 बालक वर्ग में उज्जैन के आरव जैन ने विजेता बनकर शहर का नाम गौरवान्वित किया। स्पर्धा संयोजक राजेश शर्मा ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति जय कुमार पिल्लई, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर थे।

## आज परिवर्तिनी एकादशी भगवान विष्णु के करवट बदलने की मान्यता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की एकादशी का पर्व मंगलवार, 22 सितंबर को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इसे परिवर्तिनी एकादशी, पार्श्व एकादशी, पद्मा एकादशी और वामन एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पंचांग के अनुसार एकादशी तिथि 21 सितंबर की रात करीब 8.01 बजे प्रारंभ होकर 22 सितंबर की रात करीब 9.43 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के आधार पर व्रत 22 सितंबर को रखा जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार चातुर्मास के दौरान भगवान विष्णु क्षीरसागर में शेषनाग की शय्या पर योगनिद्रा में रहते हैं। परिवर्तिनी एकादशी पर भगवान विष्णु के करवट बदलने का उल्लेख धार्मिक परंपरा में मिलता है। इसी कारण इस एकादशी को परिवर्तिनी या पार्श्व एकादशी कहा जाता है।

### 9.80 करोड़ की लागत से किया जाएगा मार्ग चौड़ीकरण कार्य

# खजूर वाली मस्जिद से गणेश चौक तक सड़क 15 मीटर चौड़ी होगी

## 272 भवन प्रभावित होंगे, सड़क की सीमा निर्धारण के लिए मार्किंग एवं नपती का कार्य प्रारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए शहर के एक और मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। खजूर वाली मस्जिद से अब्दालपुरा जीवाजीगंज थाने से गणेश चौक तक लगभग 730 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किए जाने की तैयारी नगर निगम द्वारा शुरू कर दी गई है। प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण एवं विकास कार्य पर राज्य शासन से प्रदत्त लगभग 9.80 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी।

यह मार्ग शहर के महत्वपूर्ण एवं व्यस्त मार्गों में शामिल है तथा आम नागरिकों के लिए भी यह प्रमुख संपर्क मार्ग है। सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या एवं यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए उक्त मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जाना आवश्यक माना गया है।



### शुरू हुआ सर्वे एवं मार्किंग कार्य

खजूर वाली मस्जिद से अब्दाल पूरा जीवाजीगंज थाने से गणेश चौक तक सड़क चौड़ीकरण से कुल 272 भवन प्रभावित होना प्रस्तावित हैं। नगर निगम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सोमवार से मार्ग की नपती एवं सड़क सीमा की मार्किंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके माध्यम से प्रस्तावित सड़क की सीमा निर्धारित करने के साथ ही प्रभावित भवनों का चिन्हांकन किया जा रहा है।

### क्षेत्र में पहुंची नगर निगम की टीम

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार भवन निरीक्षक शिवम गुप्ता एवं निगम की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मार्ग की नपती एवं प्रभावित भवनों पर मार्किंग की कार्यवाही की गई। टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण करते हुए प्रस्तावित सड़क सीमा के अनुरूप आवश्यक जानकारी भी संकलित की जा रही है। नपती एवं सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

## सिंहस्थ क्षेत्र में 10 हजार वर्गफीट का अवैध निर्माण को किया जमींदोज



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के बीच नगर निगम ने सोमवार को सिंहस्थ मेला क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। लालपुल ब्रिज मार्ग स्थित माधवानंद आश्रम द्वारा सिंहस्थ क्षेत्र की भूमि पर बिना अनुमति बनाए जा रहे करीब 10 हजार वर्गफीट के निर्माण को निगम की टीम ने ढहा दिया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार सिंहस्थ क्षेत्र की आरक्षित भूमि पर माधवानंद आश्रम की ओर से बिना अनुमति दो मंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा था। सोमवार को निगम की टीम चार जेसीबी और पोकलेन मशीन के साथ मौके पर पहुंची। इसके बाद निमार्णाधीन भवन को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सिंहस्थ क्षेत्र में अवैध निर्माण हटाने को लेकर न्यायालय के आदेश भी हैं। इसी के तहत निगम ने यह कार्रवाई की। नगर निगम के भवन अधिकारी राजकुमार राठौर ने बताया कि सिंहस्थ क्षेत्र की भूमि महापर्व की व्यवस्थाओं और बुनियादी ढांचे के लिए आरक्षित है। यहां बिना अनुमति स्थायी या अस्थायी निर्माण और भूमि का अनधिकृत उपयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### पार्किंग कर्मचारियों ने बरती लापरवाही, समिति ने 12 ठेका कर्मी हटाए

# उड़ीसा के श्रद्धालुओं ने देर रात निजी यज्ञ शाला में किया था हवन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/नलखेड़ा

प्रसिद्ध तांत्रिक मंदिर मां बगलामुखी नलखेडा के पास बरसाती नाले में कार बहने एवं उड़ीसा के 8 श्रद्धालुओं की मौत के मामले में मंदिर प्रबंध समिति जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आ रहा है कि उड़ीसा के श्रद्धालुओं ने प्रायवेट स्थान पर देर रात हवन किया था और लौटने के दौरान वे हादसे का शिकार हो गए। खास यह है कि वाहन चालक क्षेत्र से खासा परिचित था उसके बाद भी उसने बरसाती नाले में कार को डाल दिया और वह बह गई।

शुक्रवार देर रात को उफनते बरसाती नाले में उड़ीसा के श्रद्धालुओं की कार बह गई थी। इसमें कार चालक सहित 8 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। शनिवार रात को पोस्टमार्टम के बाद उड़ीसा के खोरदा जिले के लिए शवों को वातानुकुलित एवं आधुनिक संसाधनों से लेस एक बड़ी एवं दो छोटी एंबुलेंस में रवाना किया गया था।

## मंदिर समिति की जांच जारी, अब यज्ञ, हवन की रात 8 बजे अंतिम बुकिंग होगी



### जांच में प्रायवेट यज्ञ शाला में हवन की स्थिति सामने आई

घटना के बाद मंदिर समिति पूरे मामले की जांच में लगी हुई है। इसमें प्रारंभिक रूप से सामने आया है कि उड़ीसा के श्रद्धालुओं ने देर रात को मंदिर के बाहर की प्रायवेट यज्ञ शाला में हवन किया था। वाहन मंदिर की पार्किंग में ही खड़ा किया था। मंदिर की पार्किंग में तीन शिफ्टों में 4-4 ठेका कर्मचारियों को नियुक्त किया था। जिनका काम पार्किंग में आने वाले वाहनों पर नजर रखना एवं व्यवस्था को बराबर बनाए रखना और श्रद्धालुओं को जानकारी देना था। इनकी लापरवाही सामने आने पर इन सभी 12 ठेका कर्मियों को सेवा से प्रथक कर दिया गया है।

### अब नए 25 ठेका कर्मी रखेंगे क्षेत्र में सतत नजर

अब मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्र एवं यज्ञ हवन शालाओं पर 24 घंटे नजर रखने के लिए 25 नए कर्मियों को तैनात किया जा रहा है जो रात्रि 8 बजे अंतिम बुकिंग होने वाली मंदिर में हवन एवं यज्ञ पर रात 9.30 बजे तक नजर रखेंगे। इसके साथ ही आसपास संचालित होने वाले प्रायवेट हवन यज्ञ शालाओं को भी समयबद्ध संचालित करने के आदेश का पालन करवाएंगे। मंदिर प्रबंध समिति के निर्णय पर नाले पर वर्तमान में लगी रैलिंग को नया और ऊंचा किया जा रहा है। दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र में वाइस रिकॉर्डिंग सीसी टीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं। सतत रूप से 25 कर्मचारी 8-8 घंटे की शिफ्ट में पेट्रोलिंग पूरे क्षेत्र में करेंगे। बरसाती नाले पर नए एवं ऊंचे पूल के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन स्तर पर भेजा जाना प्रस्तावित किया गया है।

### अब रात 8 बजे बाद नहीं होगी यज्ञ, हवन की बुकिंग

दुर्घटना के बाद नलखेड़ा मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति एक्शन मोड पर आ गई है। हवन एवं यज्ञ के लिए मंदिर की यज्ञ शाला में अब रात 8 बजे तक स्लाट बुक किए जा सकेंगे और अधिकतम 9.30 बजे तक हवन यज्ञ, अनुष्ठान संपन्न करना होंगे। इसका पालन प्रायवेट यज्ञ शाला संचालकों को भी करना होगा। मंदिर प्रबंध समिति के सचिव एवं तहसीलदार ने इस आशय का आदेश जारी किया है। आदेश अवज्ञा की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई का हवाला दिया गया है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 23 सितंबर, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### भजन संध्या एवं सेवा सम्मान समारोह संपन्न

**उज्जैन।** अच्युतानंद प्रासादिक जीवाजीराव व्यायाम शाला भागसीपुरा द्वारा गणेशोत्सव के अंतर्गत मां सरस्वती कृपा म्यूजिकल ग्रुप ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी इस अवसर पर थाना महाकाल, कोतवाली, भैरवगढ़ नागझिरी चिमनगंज मंडी चिंतामण, माधव नगर नानाखेड़ा आदि थानों के श्री महाकालेश्वर की सवारी एवं विभिन्न धार्मिक पर्वों पर सेवा देने वाले सेवा भावी महिला पुरुष स्वयंसेवकों को अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि मुकेश मालवीय एवं सुनीता बैरागी ने सर्वप्रथम श्री गणेश की आरती की गई अतिथियों का स्वागत अजय विपट, महेंद्र जैन, विनोद चौरसिया ने किया।

### विभिन्न प्रतिष्ठानों से 13 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए गए

**इंदौर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्य प्रदेश, भोपाल के निर्देशन में तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी कमियों को दूर करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए तथा खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए। बायपास स्थित करी ईव्स रेस्टोरेंट की शाखा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मियों के आवश्यक मेडिकल प्रमाण-पत्र एवं पेस्ट कंट्रोल प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं पाए गए। किचन में खुले डस्टबिन पाए गए तथा शाकाहारी एवं मांसाहारी खाद्य पदार्थों को एक ही फ्रिज में रखा जाना पाया गया। मौके से रेड ग्रेवी, ब्राउन ग्रेवी, पनीर एवं दही के कुल 04 नमूने जांच हेतु लिए गए।

### शिविर में आयुष विभाग ने दी नि:शुल्क चिकित्सा सेवाएं

**इंदौर।** आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत जिला आयुष कार्यालय इंदौर द्वारा पर्युषण महापर्व के अवसर पर आचार्य श्री सुधा सागर जी द्वारा निर्देशित श्रावक संस्कार शिविर में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि शिविर में 16 सितंबर 2026 को आयुष विभाग की चिकित्सा टीम द्वारा लगभग 150 लाभार्थियों, 17 सितम्बर 137, लाभार्थी, 18 सितम्बर 186 लाभार्थी, 19 सितम्बर 267 लाभार्थी, 20 सितम्बर को 214 लाभार्थी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण करने के साथ-साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा, आहार-विहार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया, शिविर के दौरान जनसामान्य को स्वस्थ जीवनशैली, आयुर्वेदिक उपचार एवं दैनिक जीवन में स्वास्थ्य संरक्षण संबंधी जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

### उज्जैन सिंहस्थ 2028 का मेगा ब्लूप्रिंट तैयार



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के धार्मिक और ऐतिहासिक शहर उज्जैन में साल 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अभी से तेज हो गई हैं। महाकुंभ के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए दूध और डेयरी उत्पादों की मांग में भारी उछाल आने की उम्मीद है। इस बड़ी जरूरत को पूरा करने के लिए 'सांची' ने उज्जैन में एक अत्याधुनिक ऑटोमेटेड डेयरी प्लांट लगाने का मेगा प्लान तैयार किया है। साल 2016 के सिंहस्थ के मुकाबले 2028 के महाकुंभ में करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के जुटने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए दूध की दैनिक मांग 2016 के 1.10 लाख लीटर से बढ़कर सीधे 3 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंचने का अनुमान है। इस चुनौती से निपटने के लिए मध्य प्रदेश राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन ने राज्य की 2,973 करोड़ रुपये की डेयरी विकास योजना के तहत मार्च 2028 तक इस नए हाई-टेक प्लांट को शुरू करने का लक्ष्य रखा है। मध्य प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के प्रबंध निदेशक जयदेव विश्वास ने जानकारी दी है कि यदि समय पर फंड मिल जाता है, तो इस प्लांट को मार्च 2028 तक पूरी तरह से चालू कर दिया जाएगा। सामान्य तौर पर एक डेयरी प्लांट को प्रोडक्शन मोड में आने में करीब 18 महीने का समय लगता है। वर्तमान में उज्जैन में रोजाना लगभग 2.15 लाख लीटर दूध का प्रोक्योरमेंट होता है, जिसमें से करीब 50,000 लीटर पैकेटबंद दूध की बिक्री होती है।

## नैनो न्यूज

- **देवासः किराए की कार से चोरी-** देवास पुलिस ने सूने मकानों की रेकी कर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया। मामले में तीन नाबालिग सहित छह पकड़े गए।
- **सुसनेरः सड़कों पर मवेशियों का कब्जा-** सुसनेर की व्यस्त सड़कों पर आवारा मवेशियों से यातायात प्रभावित हो रहा है। शाम के समय दुर्घटना की आशंका बढ़ने से लोग परेशान हैं।
- **आगरः नौ लाख के जेवर बरामद-** आगर-मालवा में अंतरराज्यीय चोरी गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा। तीन वारदातों से जुड़े करीब नौ लाख के जेवर बरामद हुए।
- **शाजापुरः चांदी के भाव चढ़े-** शाजापुर में 22 सितंबर को चांदी का भाव करीब 2.66 लाख रुपए किलो दर्ज हुआ। सितंबर में अब तक करीब छह हजार की बढ़त रही।
- **रतलामः धोलावाड़ बांध 45 प्रतिशत-** रतलाम के प्रमुख पेयजल स्रोत धोलावाड़ बांध में जलस्तर करीब 45 प्रतिशत है। बारिश के बाद भी पेयजल उपलब्धता पर निगरानी जारी है।
- **मंदसौरः सफाई कर्मचारियों का मोर्चा-** मंदसौर में सफाई कर्मचारियों ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और मांगें पूरी करने की चेतावनी दी।

### जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

# दीपोत्सव में झुलसे बटुक चरक से छुट्टी के बाद दर्द से तड़पता रहा

### पुष्पा मिशन अस्पताल में मिला समुचित इलाज, अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों द्वारा बालक का उपचार निःशुल्क किया तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

क्षिप्रा नदी पर आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान झुलसे 12 वर्षीय बटुक को आखिरकार समुचित उपचार मिल गया। दीपोत्सव के दौरान हादसे में झुलसे बालक को उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां एक दिन उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। परिजनों के अनुसार छुट्टी मिलने के बाद भी बालक दर्द से परेशान रहा और उसकी स्थिति को लेकर परिवार चिंतित था।

बालक के पिता की पार्षद अर्पित दुबे से पूर्व परिचित होने के कारण उनसे संपर्क हुआ और उन्होंने बालक की पीड़ा तथा उपचार की स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद बालक को पुष्पा मिशन अस्पताल ले जाया गया। यहां मनीष शर्मा एवं डॉ. रश्मि शर्मा तथा सर्जन डॉ. उमेश शर्मा सहित चिकित्सकीय टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बालक को भर्ती किया। अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों द्वारा बालक का उपचार निःशुल्क किया गया तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। महाकाल महाराज की कृपा और चिकित्सकों के प्रयासों से उपचार के बाद सोमवार को बालक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हालांकि चिकित्सकों के अनुसार बालक को पूरी तरह स्वस्थ होने में अभी करीब एक माह का समय और लग सकता है। फिलहाल उसकी स्थिति में सुधार बताया गया है और आगे भी आवश्यक देखभाल एवं उपचार जारी रहेगा।

#### इलाज मिला, लेकिन व्यवस्था पर सवाल छोड़ गया घटनाक्रम

इस पूरे घटनाक्रम ने दीपोत्सव जैसे बड़े आयोजन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाओं और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों की ओर से यह सवाल उठाया गया कि हादसे में घायल हुआ बच्चा जब उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा तो क्या उसकी स्थिति की जानकारी लेने और उसके समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की नहीं थी?

परिजनों का कहना है कि बालक स्वयं अपनी इच्छा से क्षिप्रा नदी पर आयोजित कार्यक्रम में नहीं गया था। उसे गुरुकुल प्रबंधन द्वारा अधिकारियों के निर्देश पर कार्यक्रम में ले जाया गया था। ऐसे में हादसे के बाद उसकी चिकित्सा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी को लेकर प्रशासन को गंभीरता दिखानी चाहिए थी। परिवार की पीड़ा यह भी है कि बालक के घायल होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों में से किसी ने परिजनों से संपर्क कर बच्चे की स्थिति जानने अथवा उससे मिलने की जरूरत तक महसूस नहीं की। यही बात अब आक्रोश का कारण बनी हुई है।

#### महिमामंडन नहीं, जिम्मेदारी का सवाल

बालक को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने वाले चिकित्सकों और अस्पताल के प्रति परिवार ने आभार व्यक्त किया है, लेकिन इस घटनाक्रम को केवल किसी व्यक्ति या संस्था के महिमामंडन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। असली सवाल उस व्यवस्था से है, जिसके तहत एक नाबालिग बालक को कार्यक्रम में लाया गया और हादसे के बाद उसकी चिकित्सा व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी थी। परिवार की ओर से सवाल उठाया जा रहा है कि यदि किसी आयोजन में प्रशासनिक निर्देशों के तहत बच्चे अथवा अन्य लोगों को लाया जाता है और वहां कोई हादसा हो जाता है, तो क्या हादसे के बाद जिम्मेदार अधिकारी केवल औपचारिकता पूरी कर अपने दायित्व से मुक्त हो सकते हैं? क्या घायल बच्चे के परिजनों से मिलना, उसकी चिकित्सा की जानकारी लेना और आवश्यकता पड़ने पर बेहतर उपचार की व्यवस्था करना प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बनती?

### छात्रों की गूंज के बाद कार्यकर्ताओं की आवाज गुंजी

# भोपाल से लेकर दिल्ली तक पहुंची गुप्त मंत्रणा की बात

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इंदौर दौरे के बाद शहर कांग्रेस में एक बार फिर अंदरूनी नाराजगी की बात सामने आ रही है।

इस बार असंतोष शहर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों के बीच बताया जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर ब्लॉक अध्यक्षों ने बुधवार को बंद कमरे में बैठक कर पूरे मामले पर चर्चा की। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी के इंदौर कार्यक्रम के दौरान उनसे मुलाकात करने वाले कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं की सूची पहले से तैयार की गई थी। ब्लॉक अध्यक्षों का आरोप है कि अंतिम समय में सूची में बदलाव किए गए और कई जमीनी कार्यकताओं के नाम हटा दिए गए।

CHHATRON KI GOONJ
INDORE

#### उषा नायडू के सामने भी रख सकते हैं अपनी बात

प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी उषा नायडू के इंदौर दौरे के दौरान यह मुद्दा एक बार फिर उठने की संभावना है। बताया जा रहा है कि ब्लॉक अध्यक्ष उनके सामने अपनी नाराजगी रख सकते हैं और राहुल गांधी से मुलाकात के लिए तैयार की गई सूची में कथित बदलाव को लेकर स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। फिलहाल, इस पूरे मामले में कांग्रेस के आधिकारिक संगठन की ओर से कोई विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में बैठक में उठाए गए मुद्दों और आरोपों पर पार्टी नेतृत्व का पक्ष सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

#### नेताओं के समर्थकों को मिला मिलने का मौका



ब्लॉक अध्यक्षों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी के इंदौर दौरे के दौरान ऐसे कई लोगों को उनसे मुलाकात का अवसर मिला, जिन्हें किसी न किसी वरिष्ठ नेता का समर्थक माना जाता है। वहीं, लंबे समय से संगठन के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले कई कार्यकर्ता राहुल गांधी से मुलाकात नहीं कर सके। ब्लॉक अध्यक्षों का दावा है कि कार्यकताओं की ओर से तैयार की गई सूची में कई नाम शामिल थे, लेकिन बाद में सूची में काट-छांट की गई। इसके लिए कांग्रेस की प्रदेश सह प्रभारी उषा नायडू की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों पर उषा नायडू की ओर से फिलहाल कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**दिल्ली तक शिकायत पहुंचाने की तैयारी-** इस घटनाक्रम को लेकर ब्लॉक अध्यक्षों में नाराजगी बढ़ने की बात कही जा रही है। बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों तक मामला पहुंचाने पर भी चर्चा हुई। ब्लॉक अध्यक्षों की ओर से इस मुद्दे की शिकायत पार्टी के केंद्रीय संगठन तक ले जाने की मंशा जताई गई है। उनका कहना है कि यदि जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकताओं को पार्टी के शीर्ष नेताओं से संवाद का अवसर नहीं मिलेगा तो इससे संगठन के भीतर असंतोष बढ़ सकता है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद जी शिप्रा प्रदिक्षणा यात्रा में सम्मिलित होंगे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली उद्गम से संगम पर्यंत संपूर्ण शिप्रा प्रदिक्षणा यात्रा में बद्रिकाश्रम शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज सम्मिलित होंगे।


संस्थापक सुरेंद्र चतुवेर्दी ने बताया कि त्रिशूल शिवगण वाहिनी का दल शंकराचार्य जी महाराज से सपाद लक्षेश्वर महादेव आश्रम सलधा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ में जाकर मिला तथा उन्हें इस यात्रा हेतु आमंत्रण दिया। महंतश्री नीलेश्वर पुरी जी महाराज द्वारा शंकराचार्य जी को संस्था के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बताया कि संस्था शिप्रा नदी शुद्धिकरण, उज्जैन को पवित्र नगरी बनाने और गौ माता की रक्षा करने के लिए संकल्पित है। संस्थापक त्रिशूलपाणी आदित्य नागर जी ने शंकराचार्य जी को संपूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा हेतु आमंत्रित करते हुए अवगत कराया कि प्रतिवर्ष निकाले जाने वाली संपूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा इस वर्ष 21 नवंबर से 24 नवंबर तक निकाली जावेगी, जिसमें शिप्रा नदी, गौ माता कि संरक्षा और उज्जैन को पवित्र नगरी बनाने के लिए जन जागरण किया जावेगा। श्री नागर ने बताया कि भगवान शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी द्वारा सनातन धर्म तथा गौ माता की रक्षा के लिए जो आवाज उठाई जा रही है उसका सभी सनातन धर्मवलम्बी समर्थन व स्वागत करते हैं।

### इंदौर के कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में है बहुत कुछ खास

# कलेक्टर ने दो दिन से भूखे वृद्ध को खाना खिलाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई की चर्चा अब भोपाल में भी होने लगी है



इंदौर के वर्तमान कलेक्टर शिवम वर्मा को उनकी सहृदयता और शिष्टता के लिए पहचाना जाता है। यह गुण उन्हें अयोध्या में अपने परिवार से मिले हैं। अभी भी उनमें एक अधिकारी कम एक सामान्य और सहज व्यक्ति मौजूद है।

अन्य विभागों की तुलना में इन दिनों कलेक्टर कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई चर्चा में रहती है, क्योंकि यहां जनसुनवाई कम मानवता की सुनवाई ज्यादा होती है। कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति से कलेक्टर शिवम वर्मा स्वयं मिलते हैं। उनका प्रयास रहता है कि यहां आने वाले हर व्यक्ति को न्याय मिले और उसकी समस्या हल हो जाए। यहां से बहुत कम लोग निराश होकर वापस जाते होंगे। कलेक्टर इतनी सहायता से सबसे बात करते हैं कि कोई भी उन्हें अपना मानकर सारी बातें बता देता है। आज भी एक वृद्ध व्यक्ति जब अपनी व्यथा लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा के पास पहुंचा और उसने बताया कि वह दो दिन से भूखा है उसके पास खाना खाने के भी पैसे नहीं है। तब कलेक्टर ने निर्देश दिया कि इन दादा जी के लिए पहले आर्डर करके टिफिन बुलवाइए और खाना खाने के बाद ही उनकी समस्या सुनेंगे। कलेक्टर के आदेश पर खाना बुलवाया गया और वृद्ध ने कलेक्टर ऑफिस में ही भोजन किया। शिवम वर्मा के बारे में कहा जाता है कि जब वह नगर निगम में आयुक्त थे तब उनके कार्यालय में एक अलमारी खिलौने काफी किताबें, स्कूली बैग, टिफिन, कम्पास चॉकलेट और अन्य सामग्री से भरी रहती थी। कभी भी वह बच्चों को देखकर यह सामग्री मांग लेते थे और बच्चों को यह देकर खुश कर देते थे।

## समस्या पर बहस होनी चाहिए, छात्रा की राजनीतिक पृष्ठभूमि पर नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में उज्जैन की राधा मालवीय द्वारा पीएचडी विद्यार्थियों के आवास और किराए से जुड़ी समस्या उठाए जाने के बाद अब बहस का केंद्र उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि बन गया है। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मालवीय जिला पंचायत सदस्य होने के साथ युवा कांग्रेस की पदाधिकारी भी हैं। भाजपा ने इसी आधार पर कार्यक्रम की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं।

हालांकि इस पूरे विवाद में एक दूसरा और महत्वपूर्ण सवाल पीछे छूटता दिखाई दे रहा है—राधा मालवीय ने जो समस्या उठाई, वह वास्तविक है या नहीं? मालवीय ने पीएचडी विद्यार्थियों के लिए आवास और किराए की समस्या का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया था कि यदि उद्योगों को रियायती दर पर जमीन उपलब्ध कराई जा सकती है तो विद्यार्थियों को सस्ता आवास क्यों नहीं मिल सकता। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं शोध छात्रा हैं और उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों का अनुभव रखती हैं। राजनीतिक पृष्ठभूमि सामने आने के बाद यह सवाल जरूर उठ सकता है कि कार्यक्रम में वक्ताओं के चयन की प्रक्रिया क्या थी और क्या सभी प्रतिभागियों की पहचान स्पष्ट रूप से बताई गई थी। लेकिन किसी व्यक्ति का राजनीतिक जुड़ाव अपने आप में उसके द्वारा उठाई गई समस्या को गलत साबित नहीं करता।

### 35 करोड़ में बनेगा अंडरवॉटर टनल एक्वेरियम

# इंदौर जू में जल्द दिखेगी पानी के भीतर की दुनिया

#### पारदर्शी टनल में पानी के भीतर चलने जैसा अनुभव मिलेगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के प्राणी संग्रहालय (जू) में घूमने का मजा अब दोगुना होने वाला है। जल्द ही शहरवासियों को यहां समुद्र जैसी गहरी और खूबसूरत जलीय दुनिया का अहसास होगा। शहर के जू में एक आधुनिक अंडरवॉटर टनल एक्वेरियम बनाने की रुकी हुई योजना ने अब फिर से रफ्तार पकड़ ली है।

नगर निगम इसे पीपीपी मॉडल पर तैयार करने जा रहा है। करीब 35 करोड़ रुपये के बजट वाले इस भव्य प्रोजेक्ट के जरिए लोगों को सिर्फ रंग-बिरंगी मछलियां ही नहीं, बल्कि पेंगुइन, टच पूल और स्नॉर्कलिंग जैसे रोमांचक अनुभव भी मिलेंगे।


इस पूरे प्रोजेक्ट की जान इसका 'अंडरवॉटर टनल' होगा, जिसके डिजाइन के लिए लगभग 128 वर्गमीटर की जगह तय की गई है। जब दर्शक इस पारदर्शी टनल से गुजरेंगे, तो उन्हें ऐसा लगेगा जैसे वे खुद पानी के भीतर चल रहे हों और मछलियां उनके चारों ओर तैर रही हों। टनल में स्पष्ट रूप से देखने के लिए खास एक्रेलिक पैनल वाली खिड़कियां लगाई जाएंगी। जलीय जीवों को उनके अनुकूल माहौल देने के लिए पानी को लगातार फिल्टर करने, ऑक्सीजन की सप्लाई, और तापमान नियंत्रित करने वाले बेहद आधुनिक सिस्टम यहां काम करेंगे।

#### मनोरंजन के साथ शिक्षा का भी बनेगा केंद्र

नगर निगम ने इस प्रोजेक्ट के डेवलपमेंट और बाद में इसके रखरखाव व संचालन के लिए किसी अनुभवी एजेंसी की तलाश शुरू कर दी है। जू प्रभारी उत्तम यादव के मुताबिक, इस बार नियमों को थोड़ा लचीला बनाया गया है ताकि काम करने वाली एजेंसी आसानी से मिल सके।

इस पूरे प्रोजेक्ट को एक से डेढ़ साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि यह एक्वेरियम सिर्फ मछलियां देखने की जगह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे मीठे और समुद्री पानी के जीवों के बारे में जानकारी देने वाले एक बड़े मनोरंजन और शिक्षा केंद्र के तौर पर विकसित किया जाएगा।

#### पेंगुइन से लेकर स्नॉर्कलिंग तक, मिलेंगी ये शानदार सुविधाएं



- इस नए कॉम्प्लेक्स में पर्यटकों के लिए कई विश्वस्तरीय सुविधाएं मौजूद होंगी
- **5 एक्वेरियम हॉलः** यहां अलग-अलग प्रजातियों की मछलियों और जलीय जीवों को करीब से निहारने की सुविधा होगी।
- **पेंगुइन प्रदर्शनीः** 75 वर्गमीटर के एक खास क्षेत्र में पेंगुइन देखने की व्यवस्था की जाएगी।
- **टच पूल और स्नॉर्कलिंग जोनः** जलीय दुनिया को छूकर महसूस करने के लिए 'टच पूल' और पानी के भीतर का जीवन देखने के लिए 'स्नॉर्कलिंग जोन' भी बनाया जाएगा।
- **अन्य आकर्षणः** इसके अलावा परिसर में 125 वर्गमीटर का एक पूल वाला तालाब, बेहतरीन तस्वीरों के लिए 'सेल्फी पॉइंट', आगंतुकों के खाने-पीने के लिए 'रेस्टोरेंट' और यादगार तोहफे खरीदने के लिए 'सुवेनियर शॉप' भी मौजूद रहेगी।

## इंदौर में आर्मी अफसर बनकर व्यापारी से 8.55 लाख की ठगी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में खुद को आर्मी ऑफिसर बताकर एक व्यापारी से करीब 8 लाख 55 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने कैंटोनमेंट बोर्ड के लिए सामान सप्लाई कराने का झांसा देकर व्यापारी से संपर्क किया। इसके बाद बैंक अकाउंट वेरिफिकेशन और पेमेंट प्राप्त करने के नाम पर अलग-अलग ट्रांजैक्शन करवाकर रकम अपने बताए खातों में ट्रांसफर करा ली।

पुलिस के मुताबिक छोटी ग्वालटोली क्षेत्र निवासी प्रवीण मोदी पेंट सप्लाई का काम करते हैं। उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया। उसने अपना नाम कुणाल कुमार बताते हुए खुद को आर्मी ऑफिसर बताया और कहा कि वह कैंटोनमेंट क्षेत्र में तैनात है। आरोपी ने फोर्स के लिए सामान की जरूरत बताते हुए प्रवीण से जीएसटी नंबर समेत अन्य कारोबारी जानकारी मांगी। जानकारी मिलने के बाद आरोपी ने बैंक अकाउंट वेरिफिकेशन और पेमेंट प्राप्त होने का झांसा दिया। उसने अलग-अलग बहाने बनाकर प्रवीण से अपने बताए खातों में रकम जमा करने को कहा। शुरूआत में कुछ रकम अकाउंट वेरिफिकेशन के नाम पर जमा कराई गई। इसके बाद बातचीत में उलझाकर आरोपी ने व्यापारी के खाते से करीब 8 लाख 55 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए।

रकम ट्रांसफर होने के बाद प्रवीण को ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने छोटी ग्वालटोली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की पहचान तथा रकम के ट्रांजैक्शन से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोई व्यक्ति खुद को आर्मी, पुलिस या किसी सरकारी विभाग का अधिकारी बताकर फोन करे तो बिना सत्यापन के उसकी बात पर भरोसा न करें। किसी भी तरह के अकाउंट वेरिफिकेशन या भुगतान के नाम पर रकम ट्रांसफर नहीं करें।

## न्यूज कालम



## भूलने की बीमारी को समझने की पहल, अल्जाइमर पर जागरूकता शिविर

**सनावद।** विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर 21 सितंबर को डॉ. हिमांशु भगोरे द्वारा निःशुल्क जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मरीजों और उनके परिजनों को अल्जाइमर के शुरूआती संकेत, स्मरण शक्ति में कमी और दैनिक कार्यों में होने वाली परेशानियों को लेकर जानकारी दी गई। डॉ. भगोरे ने बताया कि समय पर चिकित्सकीय परामर्श के साथ नियमित शारीरिक गतिविधि, व्यायाम, संतुलित दिनचर्या और मानसिक सक्रियता बुजुर्गों की कार्यक्षमता बनाए रखने में सहायक हो सकती है। उन्होंने अल्जाइमर से प्रभावित लोगों के लिए फिजियोथेरेपी, सुरक्षित व्यायाम और गतिशीलता बनाए रखने के उपाय भी बताए। शिविर में उपस्थित लोगों ने रोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की और बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता व सहयोग का संकल्प लिया।

## बफीर्ली पहाड़ियों में तपस्या करते गणेश, श्रद्धालुओं को लुभा रही झांकी

**सनावद।** पंडित कॉलोनी गली नंबर-२ में एकदंत गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेशोत्सव के तहत धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। इस बार समिति की ओर से बफीर्ली पहाड़ियों के बीच तपस्या करते भगवान गणेश का मनोहारी चित्रांकन किया गया है, जो श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। समिति सदस्य गौतम शर्मा ने बताया कि आयोजन के दौरान हरे राम हरे कृष्ण भजन मंडली ने भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन का आनंद लिया। आयोजन में पंकज पगारे, मनीष सिसोदिया, अभिषेक जाधम और संदीप सिसोदिया का सहयोग रहा। डोल ग्यारस के अवसर पर श्रद्धालुओं को फरियाल खिचड़ी का वितरण किया गया। वहीं 24 सितंबर को भव्य आरती, आतिशबाजी और अन्नकूट प्रसादी का आयोजन होगा।



## ऑल इंडिया पुलिस गेम्स बॉडी बिल्डिंग में निर्णायक के रूप में शैलेन्द्र व्यास आमंत्रित

**उज्जैन।** 75वीं ऑल इंडिया पुलिस क्लस्टर गेम्स प्रतिस्पर्धा में बॉडीबिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके को महिला/पुरुष बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा के निर्णायक के रूप में मध्य प्रदेश से आमंत्रित किया गया है । ..राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के चेयर मेन प्रेम सिंह यादव एवं प्रादेशिक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि.. आगामी 24 एवं 25 सितंबर को करनाल, हरियाणा में 75 वीं ऑल इंडिया पुलिस क्लस्टर गेम्स की स्पर्धा का ऐतिहासिक राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा आयोजन किया जा रहा है । विगत 5 वर्षों से लगातार ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में शैलेंद्र व्यास को लगातार आमंत्रित किया जा रहा है।



## पं. ओजस जी बोले–इच्छाओं और इन्द्रियों पर नियंत्रण ही उत्तम तप की साधना



**बेड़िया।** पर्यूषण पर्व के सातवें दिन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म और साधना का वातावरण रहा। समाजजनों ने उत्तम तप धर्म की आराधना करते हुए आत्मशुद्धि और संयम का संदेश आत्मसात किया। सुबह श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और पूजन-विधान संपन्न हुआ। शांतिधारा का सौभाग्य किरण-महेंद्र जैन एवं राजकुमारी जैन परिवार को मिला। पं. ओजस जी ने उत्तम तप धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि इच्छाओं और इंद्रियों पर नियंत्रण रखते हुए आत्मकल्याण के लिए किया गया तप ही उत्तम तप है। तप से कर्मों की निर्जरा होती है और आत्मा की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने समाजजनों को तप, संयम और आत्मचिंतन की साधना से जुड़ने का संदेश दिया। शाम को मंदिर परिसर में आरती, भजन, प्रश्न मंच और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। प्रश्न मंच के प्रायोजक पारस-धीरेन्द्र घाटे परिवार रहे। समाजजनों ने प्रायोजक परिवार का आभार जताते हुए पर्यूषण पर्व में तप-साधना कर रहे तपस्वियों की अनुमोदना की। कार्यक्रम में अध्यक्ष पंकज जटाले सहित सुरेंद्र जटाले, नितिन घाटे, सौरभ जैन, कमलेश जैन, वीरेंद्र जैन, रोमित शाह, दीपाली जैन, राजेश्वरी जटाले, रोमिता घाटे, रजनी जैन, मोनिका जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## गांजा फसल पर पुलिस का प्रहार, खेत से जब्त किए 176 पौधे, एक गिरफ्तार

**खरगोन।** परंपरागत कपास फसल के बीच चोरी छिपे हो रही अवैध गांजा खेती का पुलिस ने पदार्फाश किया है। बेडि?ा थाना पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गांजे की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक खेत से कपास फसल के बीच लगाए गए 176 गांजे के हरे पौधे जब्त किए है। इन पौधें का वजन 35 किलो 900 ग्राम है। इसकी अनुमानित कीमत २ लाख 88 हजार रुपये आंकी है। इस मामले में अवैध खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पाल्या फालिया ग्राम बाल्या निवासी सकाराम के खेत में अवैध गांजा खेती की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई। यहां खेत में रखवाली कर रहे सकाराम पिता दुवालसिंह कनासे को घेराबंदी कर पकड़ा गया। सर्चिंग में कपास की फसल के बीच हरे गांजे के पौधे नजर आए। पुलिस टीम ने मशक्कत के बाद 176 पौधे तलाशकर इन्हें उखाडने के बाद जब्त किए है।



# जिला जेल में मची गणेश उत्सव की धूम

## मराठी वेशभूषा में बंदियों ने दी प्रस्तुति

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

शहर सहित टेमला रोड़ स्थित जिला जेल में भी गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। यहां रोजाना जेल अधिकारी एवं बंदी श्री गणेश की प्रतिमा का पूजन-अर्चन करने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे है। रविवार रात यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अयोजन किया गया। आयोजन मराठी संस्कृति पर आधारित रहा।

जेल अधिकारी मराठी परिधानों में सज-धजकर शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में विधायक शामिल हुए। गणेशोत्सव के उक्त धार्मिक एवं भक्ति भाव भरे आयोजन में बंदियों ने मराठी वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर श्रीगणेश की आराधना की।



जिला जेल में भव्य पांडाल सजाया गया है। यहां भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना एवं गणेश स्तोत्र का पाठ हुआ। विधायक श्री पाटीदार ने महाआरती कर बाप्पा को 56 भोग की महाप्रसादी अर्पित की।

महाआरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मराठी बंदियों एवं जेल कर्मचारियों की रंगारंग प्रस्तुतियों में महाराष्ट्र की लोक-संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक भावनाओं का सुंदर समावेश देखने को मिला। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे सिंह द्वारा सत्यम, शिवम सुंदरम गीत की कर्णप्रिय प्रस्तुति रही। सुमधुर गीत सुनकर उपस्थित अतिथियों सहित बंदियों ने तालियां बजाकर अभिवादन किया। कार्यक्रम में विधायक श्री पाटीदार ने जेल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि बंदियों की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रतीक रही कि जेल केवल सुरक्षा एवं निरुद्धता का स्थान नहीं, बल्कि सुधार, संस्कार, रचनात्मकता एवं सकारात्मक परिवर्तन का भी केंद्र है। उन्होंने बंदियों द्वारा इतने उत्साह एवं लगन से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तैयार करने की प्रशंसा की। इस अवसर पर पूरा जेल परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठा।

# जल जन सेवा संकल्प यात्रा को लेकर नेपानगर में तैयारियां तेज

## सांसद, विधायक और जिलाध्यक्ष ने लिया जायजा

**बुरहानपुर।** प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर निकाली जा रही राष्ट्रव्यापी जल जन सेवा संकल्प बाइक यात्रा के नेपानगर आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक मंजू दादू और भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने ने कार्यकताओं के साथ तैयारियों की समीक्षा की। यह यात्रा बड़नगर से वाराणसी और वाराणसी से बड़नगर तक आयोजित की जा रही है। 23 सितंबर को यात्रा बुरहानपुर जिले में प्रवेश करेगी और 24 सितंबर सुबह 9 बजे नेपा ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित होगा। तीनों जन प्रतिनिधियों ने नेपानगर भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं की बैठक लेकर स्वागत, व्यवस्थाओं और जनभागीदारी को लेकर चर्चा की और अलग-अलग दायित्व सौंपे। इसके बाद कलेक्टर हर्ष सिंह और पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के साथ ऑडिटोरियम स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और अतिथियों के ठहरने की व्यवस्था का जायजा लिया गया। यात्रा को लेकर नेपानगर में उत्साह का माहौल है। इस दौरान सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक मनोज टंडन सहित कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेपा मिल के वर्किंग कैपिटल के लिए सांसद के प्रयास तेज, अहम बैठक में तय हुआ रोडमैप

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

संकट से गुजर चुकी नेपानगर की ऐतिहासिक नेपा लिमिटेड मिल को दोबारा शुरू कराने के बाद अब इसे व्यावसायिक रूप से मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने मंगलवार को मिल के सीएमडी, अधिकारियों और कर्मचारी संघ के साथ बैठक कर वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की।

सांसद ने बताया कि मिल के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक वर्किंग कैपिटल दिलाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। इसके लिए जल्द ही मिल के अधिकारियों और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की जाएगी।



बैठक में मिल की प्रगति पर संतोष जताते हुए सांसद ने सीएमडी नरेश सिंह, श्रमिकों और पूरी मैनेजमेंट टीम के सामूहिक प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि टीम की इच्छाशक्ति और समन्वय से ही प्रबंधन और उत्पादन व्यवस्था में सुधार आया है। सांसद ने कहा कि आधुनिकीकरण के बाद उत्पादन शुरू हो चुका है, अब लक्ष्य मिल को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। आगामी दिल्ली दौरे में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री के समक्ष वर्किंग कैपिटल का पक्ष मजबूती से रखा जाएगा ताकि फंड की कमी से संचालन में बाधा न आए। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत संकल्प में नेपा मिल इस आदिवासी अंचल के रोजगार की मुख्य रीढ़ है। बैठक में निदेशक वित्त पी.जे.एम. डिक्सन, सांसद प्रतिनिधि सौजन्य तिवारी, नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन के सचिव संजय पवार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत वड़नगर-वाराणसी सेवा यात्रा का अलीराजपुर में हुआ स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ अलीराजपुर

सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत वड़नगर-वाराणसी सेवा यात्रा का दाहोद से अलीराजपुर जिले में सेजवाड़ा के माध्यम से आगमन हुआ। जिले में प्रवेश पर यात्रा का विभिन्न स्थानों पर आत्मीय स्वागत किया गया। यात्रा दल ने रात्रि विश्राम आईटीआई सेजवाड़ा में किया। इसके पश्चात सेजवाड़ा में आयोजित बच्चों से संवाद कार्यक्रम में यात्रा दल के सदस्यों ने सहभागिता कर बच्चों से संवाद किया। यात्रा के दौरान चंद्रशेखर आजाद नगर स्थित आजाद कुटिया पहुंचकर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद आजाद ग्राउंड में आयोजित स्वच्छता अभियान में यात्रा दल ने सहभागिता की। तत्पश्चात यात्रा दल कानाकाकड़ स्थित सांदीपनि विद्यालय पहुंचा, जहां वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने यात्रा दल से भेंट कर यात्रा के उद्देश्य एवं कार्यक्रमों की जानकारी ली तथा आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

इसके बाद यात्रा उदयगढ़ पहुंची, जहां स्वच्छता अभियान के साथ मांगलिक भवन में हितग्राही संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां यात्रा दल ने स्थानीय नागरिकों एवं हितग्राहियों से संवाद किया। इसके पश्चात यात्रा बोरी होते हुए धार जिले के ग्राम टांडा के लिए रवाना हुई। यात्रा के सोंडवा पहुंचने पर सांदीपनि विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उमराली में स्थानीय नागरिकों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। इसके पश्चात यात्रा अलीराजपुर पहुंची, जहां मालवाड़ मंदिर में दर्शन एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अलीराजपुर बस स्टैंड पर ट्रैफिक एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यात्रा दल ने लक्ष्मणी स्थित जैन तीर्थ मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद नानपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में सहभागिता कर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया।

जिले में सेवा यात्रा का स्वागत क्षेत्रीय सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत द्वारा किया गया। यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर आयोजित स्वच्छता, वृक्षारोपण, जनसंवाद, हितग्राही संवाद एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किया।

# गणेश विसर्जन पर्व को लेकर थाना खेतिया में पंडाल आयोजकों की बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बडवानी

पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री बी.एल. अटोदे के मार्गदर्शन में थाना खेतिया परिसर में आगामी गणेश विसर्जन पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से क्षेत्र के समस्त गणेश पंडाल आयोजकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निरीक्षक सुखलाल भंवर, अतिरिक्त तहसीलदार सुश्री प्रज्ञा पाटीदार, विद्युत मंडल के जेई श्री बी. किराड़े एवं नगर परिषद से श्री अशोक शिंदे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा आयोजकों एवं प्रबुद्धजनों को विसर्जन जुलूस के सुगम संचालन हेतु शासन द्वारा जारी आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। आयोजकों को विसर्जन जुलूस के लिए पूर्व निर्धारित मार्ग एवं समय-सारणी का अनिवार्य रूप से पालन करने, जुलूस के दौरान आमजन को असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखने तथा आयोजकों एवं समिति के स्वयंसेवकों द्वारा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही डीजे एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग शासन द्वारा निर्धारित मानक ध्वनि सीमा (डेसिबल) एवं समयावधि के अनुसार ही करने तथा जुलूस अथवा पंडालों में किसी भी प्रकार के अश्लील, आपत्तिजनक या भड़काऊ गीत-संगीत एवं नारों का प्रयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए।

# जालसाजी के शिकार 12 पीड़ितों को मिली 2,27,155 रुपए की राशि

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

जिले में शासन स्तर पर चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के बावजूद ऑनलाईन ठगी के मामले थमते नजर नही आ रहे है। कई लोग अज्ञानता के चलते तो कई लोग कैशबेक या रिफंड के लालच में अपनी मेहनत की कमाई ऑनलाईन ठगो के झांसे में आकर गवां रहे है। हाल ही में 12 लोग जालसाजी के शिकार हो गए, हालांकि समय रहते सायबर पुलिस को शिकायत मिलने के चलते इन पीड़ितों को 2 लाख 27 हजार 155 रुपए की राशि वापस मिल सकी है।

सायबर पुलिस के अनुसार साइबर फ्रॉड का शिकार होने पर पीड़ित द्वारा यदि गोल्डन ऑवर्स में पोर्टल पर शिकायत दर्ज की जाती है, तो संबंधित बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के समन्वय से ठगी गई राशि को होल्ड कराने की कार्रवाई की जा सकती है।

पिछले एक माह की अवधि में खरगोन साइबर सेल द्वारा पोर्टल पर प्राप्त रीक्वेस्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित शिकायतकताओं को राशि वापस कराने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति से फोन पर अपनी निजी जानकारी व बैंक संबंधी जानकारी शेयर न करें।

अनजान व्यक्ति द्वारा दी गई लिंक पर क्लिक न करें। कैशबैक, रिफन्ड आफर आदि से बचे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आने वाली एपीके फाइल को डाउनलोड न करें।



# ग्राम स्वराज यात्रा में सरपंचों ने भरी अधिकारों की हुंकार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

राष्ट्रीय सरपंच संघ द्वारा समूचे प्रदेश में निकाली जा रही ग्राम स्वराज अधिकार बचाओ यात्रा रविवार को शहर पहुंची। दामखेड़ा मंदिर परिसर में जिले के सरपंचों ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह तोमर ने यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम स्वराज अधिकार में सरपंचों को अधिकार के मुताबिक अधिकार नहीं दिए जाते जबकि कहां कुछ और जाता है। सरपंचों को उनके अधिकार दिलाने और ग्राम स्वराज को मजबूत करने के लिए यह यात्रा दतिया जिले से शुरू की गई है। अब तक करीब 28 जिलों में यह यात्रा पहुंच चुकी है, जहां अपने अधिकारों के लिए सरपंच एकजुट नजर आए। 30 सितंबर को यह यात्रा भोपाल में बड़े आंदोलन के साथ समापन होगी। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम स्वराज के तहत 2 करोड़ रुपए की राशि आवंटन करने की घोषित की, जबकि यह राशि पंचायतों तक पहुंची नही है। ऐसे में ग्रामीणों के बीच पंचायत की छवि खराब हो रही है। सरपंच-सचिव को जवाब देना मुश्किल हो रहा है।प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शिवेंद्र बघेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारें धीरे-धीरे पंचायतों के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों में कटौती कर रही हैं, जिससे स्थानीय स्वशासन की अवधारणा कमजोर पड़ रही है।

# सूरज के तप में और गुरु के तप में अंतर होता है - आर्यिका सुप्रज्ञ मति माताजी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

सूरज भी तपता ह है और गुरु भी तपते है और दोनों की तपन में अंतर होता है सूर्य की तपन हम सहन नहीं कर पाते और गुरु का तप हमे सन्मार्ग पर लगाता है और जीवन का उद्धार होता है।

उपरोक्त उद्गार परम पूज्य चतुर्थ पट्टाचार्य श्री सुनील जी महाराज की शिष्या आर्यिका सुप्रज्ञ मति माताजी ने दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्यूषण पर के सातवें दिन आज एकादशी उत्तम तप के दिवस पर बोलते हुए कही, माताजी ने बताया कि सूरज भी तपता है और गुरु भी तपते है सूरज तो केवल 12 घंटे तक तपता है पर हमारे गुरु तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज तो 50 साल तक तपे , तप की भी अपनी महिमा है आर्यिका मां ने आचार्य सन्मति सागर जी का सम्मेद शिखर जी का उदाहरण देते हुए बताया कि आचार्य श्री सम्मेद शिखर जी की तेरह पंथी कोठी में विराजित थे और जिन कमरों में मुनि संघ को ठहराया था वहां बहुत मच्छर थे ,तब संघ के मुनिराज ने सोचा कि आचार्य महाराज को देखे वो कहा विश्राम कर रहे,वहां ऐसा लग रहा था जैसे कोई काला कालीन बिछा रखा है ,जबकि गुरुदेव को चटाई का भी त्याग था और गुरु देव के पूरे शरीर पर मच्छरों से पटा हुआ था,महाराज ने बगैर हिले उन मच्छरों का उपसर्ग सहन करते रहे धन्य है आचार्य श्री जो कि इतना कष्ट और पीड़ा सह गए।

### 3 आरोपियों को किया जिला बदर

**खण्डवा ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने विभिन्न अपराधों में शामिल कुल 3 आरोपियों को एक-एक वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं।

# कलेक्टर श्री गुप्ता ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं

**खण्डवा।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं, और उनके निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ऐश्वर्य वर्मा, अपर कलेक्टर सुश्री श्रद्धा शुक्ला, अपर कलेक्टर श्री क्षितिज शर्मा, अपर कलेक्टर श्री अरविंद चौहान एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान जनसुनवाई में आवेदक छन्नू पिता नंदु मंसुरी निवासी छैगांवमाखन ने आवेदन देकर बताया कि कृषि भूमि पर भू-स्वामी द्वारा प्लाट काटे गए हैं एवं ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत द्वारा सीसी सड़क और नाली निर्माण इस भूमि पर किया जा रहा है, जो कि न्याय संगत नहीं है।

**पश्चिम रेलवे**

**एलईडी डिजिटल डिस्प्ले की व्यवस्था**

मंडल रेलवे प्रबंधक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी), मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008 - निविदा सूचना संख्या आमंत्रित करता हैः एमएमसीटी-एसएनटी-एसटीईएस-48-2025 दिनांक 18.09.2026 कार्य का नामः मुंबई डिवीजन के स्टेशनों पर सभी बुकिंग खिड़कियों के सामने एलईडी आधारित डिजिटल डिस्प्ले लगाना, ताकि यात्रियों को ट्रेन के आगमन/प्रस्थान, किराया आदि सहित अन्य जानकारी डिजिटल रूप में उपलब्ध कराई जा सके। 1 वर्ष की वारंटी के बाद 6 वर्ष का सीएएमसी (कंप्यूटर मैनेजमेंट सर्टिफिकेट) शामिल है। लगभग। कार्य की लागतः 9,97,77,323.11 ईएमडीः 19,95,600/- दिनांक एवं समय आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 12.10.2026, दोपहर 3 बजे तक। खुलने की तिथि एवं समयः 12.10.2026 को दोपहर 3.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 0622

0622

हमें लाइक करें: X.com/WesternRly

**कार्यालय नगर पालिका परिषद धार जिला धार म.प्र.**

Email- cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक / 5832 / लो.नि. शाखा / 2026 — धार, दिनांक 16.09.2026

**:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _536797_1 | एस.पी.डी.ए ग्राउण्ड पर स्टेडियम के पास बने शौचालय में आवश्यक निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | 01 माह 8,35,642/- | 2,000/- 8,356/- | 03.10.2026 |
| 02 | 2026_UAD _536798_1 | वार्ड क्रमांक 08 क्वीनस् पार्क कालोनी में शिव मंदिर बगीचे के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) | 01 माह 1,69,095/- | 1,000/- 4,000/- | 03.10.2026 |
| 03 | 2026_UAD _536799_1 | वार्ड क्रमांक 13 कुम्हार गड्ढा क्षेत्र में बबलू के मकान से कमल राठौड़ के मकान तक ड्रेनेज लाईन निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) | 01 माह 1,69,197/- | 1,000/- 3,384/- | 03.10.2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धार

# हरि नाम की महिमा



एक जिज्ञासु सनातनप्रेमी ने सवाल किया है, परमपुरुष को हरि क्यों कहते हैं? मानव मन में अच्छे और बुरे, दोनों तरह के विचार उठते रहते हैं। कई बार किसी दूसरे की सफलता देखकर मन में ईर्ष्या पैदा होती है, किसी के सम्मानित होने पर अपने लिए भी सम्मान की इच्छा जागती है या फिर दूसरों की निंदा और चुगली में मन रमने लगता है। ऐसे विचारों से बचने का एक उपाय है- विपरीत विचार को मन में धारण करना। मान लीजिए, किसी को देखकर आपके मन में ईर्ष्या पैदा हो रही है। तुरंत विचार करें कि वह मेरा मित्र है। उसकी प्रगति देखकर मुझे प्रसन्न होना चाहिए। यदि कोई अच्छा काम कर रहा है, तो उसकी सराहना करें। इस तरह मन को विपरीत दिशा में मोड़ा जा सकता है। इससे नकारात्मकता धीरे-धीरे कम होने लगती है।

मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरियों में एक अहंकार है। दूसरों से सम्मान पाने की इच्छा। शास्त्र में कहा गया है- अहंकार मदिरा पान के समान है। गौरव की लालसा मनुष्य को अधोगति की ओर ले जाती है और प्रतिष्ठा की इच्छा विष्ठा के समान है। मनुष्य को अहंकार, प्रतिष्ठा की लालसा और दूसरों को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए। मदिरा को हानिकारक इसीलिए माना जाता है कि वह मस्तिष्क की स्वाभाविक कार्यप्रणाली को प्रभावित करती है। मनुष्य की सबसे मूल्यवान संपत्ति उसकी बुद्धि है। मदिरा उसी को भ्रष्ट कर देती है। जहां सम्मान पाने की इच्छा हो, वहां तृणादपि सुनीचेन का भाव अपनाना चाहिए, यानी अपने को तिनके से भी अधिक विनम्र समझना चाहिए। विनम्र बनना छोटा होना नहीं है। धरती तो सबके पैरों के नीचे रहती है, लेकिन इससे उसका सम्मान कम नहीं होता; बल्कि सबको धारण करने के कारण वह महान है। इसलिए कहा गया है, तरोरपि सहिष्णुना, यानी वृक्ष के समान सहनशील बनो। प्रश्न है, जब मन खाली हो और उसमें कोई सकारात्मक काम न हो, तब क्या किया जाए? कहा गया है- खाली दिमाग शैतान का घर। मन को खाली नहीं छोड़ा जा सकता। उसे कोई न कोई विचार चाहिए। यदि उसे सकारात्मक दिशा नहीं मिलेगी, तो वह नकारात्मक विचारों में उलझ सकता है। ऐसे समय के लिए सुझाया गया है- कीर्तनीयः सदा हरिः। हर समय हरि-कीर्तन करो। परमपुरुष भक्तों के पापों को हर लेते हैं, इसी कारण से उनका एक नाम हरि है। हरि-कीर्तन में मन को डुबाने से ईर्ष्या, अहंकार और निंदा जैसे विचारों के लिए जगह कम होती जाती है। मन निर्मल होता है, आध्यात्मिक साधना की गति बढ़ती है और भीतर सकारात्मकता का संचार होता है। इसलिए जब भी मन खाली हो, उसे व्यर्थ विचारों का घर न बनने दें। उसे हरि-कीर्तन में लगाएं।

**सम्पादकीय**

## शर्मनाक

जमुई, बिहार में एक नाबालिग छात्रा के यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ की जितनी निंदा की जाए, वह कम है। शनिवार रात की इस शर्मनाक घटना से अनेक सवाल खड़े हुए हैं, जिनके जवाब हर किसी को सोचने चाहिए। क्या लड़कियां इतनी असुरक्षित हैं कि उन्हें शाम ढलने के बाद घर से बाहर नहीं रहना चाहिए? क्या अपराधियों में भय समाप्त हो गया है? वैसे, इस मामले में गिरफ्तारियां हुई हैं और जांच भी जारी है। किसी भी दोषी को छोड़ना नहीं चाहिए और उन्हें ऐसी सजा मिलनी चाहिए, जो सबके लिए सबक बन जाए। एक सवाल यह भी है कि सुधार का काम केवल कानून करेगा या समाज की भी इसमें भूमिका होनी चाहिए? समाज के एक बड़े हिस्से में उदासीनता बढ़ रही है और लापरवाही भी। आपराधिक मानसिकता के लोग सोचने लगे हैं कि वे अपराध करके बच जाएंगे। जमुई की घटना की मिसाल लें, तो यहां पीड़ितों ने शिकायत करना जरूरी नहीं समझा। कार्रवाई तब हो रही है, जब इस घटना का वीडियो वायरल हो गया है। हम कब समझेंगे कि अपराध को अगर छिपाया जाएगा, तो समाज अपराधियों से भर जाएगा?

निस्संदेह, जमुई में कक्षा 10 की इस छात्रा और उसके साथी को न्याय मिलना चाहिए। किशोर या युवा जोड़ों को देखते ही उनके पीछे पड़ जाने की आपराधिक प्रवृत्ति कई बार देखी जाती है और सभ्य समाज को अक्सर रुलाती है। सभ्य समाजों में किशोर जोड़ों के साथ बहुत संवेदना से पेश आना चाहिए, लेकिन जमुई में संवेदना कहां चली गई थी? यह घटना 19 सितंबर की शाम को पटना से 150 किलोमीटर दूर जमुई जिले में घटी, जब दोनों किशोर एक स्थानीय दर्शनीय स्थल से दोपहिया वाहन पर लौट रहे थे। बताया जाता है, संदिग्धों ने नैतिक पुलिसिंग के बहाने उन्हें रोका और उत्पीड़न शुरू कर दिया। किशोर और किशोरी, मदद के लिए गुहार लगाते रहे। उनके साथ बेरहमी होती रही। इस उत्पीड़न या अत्याचार में जितने भी लोग शामिल हैं, सबको शिकंजे में लेना चाहिए। इस घटना पर व्यापक आक्रोश फैला है और लोग अपराधियों पर तत्काल कार्रवाई चाहते हैं। गौर करने की बात है, किशोरों के उत्पीड़न में किशोर भी शामिल थे। किशोरों में सामाजिकता का अभाव क्यों हो रहा है? उनमें अपराध की प्रवृत्ति क्यों बढ़ रही है? क्या कुछ किशोर यह मानने लगे हैं कि कोई उनका कुछ बिगाड़ न पाएगा? कहना ही चाहिए कि किशोर या युवा ही अपने लिए बुरे हालात बनाते हैं और फिर शिकायत भी करते हैं। समाज में अपराध की अवहेलना का सबसे दुखद परिणाम यह होता है कि आज तेरी, तो कल मेरी बारी आती है। जमुई की घटना को लेकर अगर विपक्षी दल आक्रामक हैं, तो यह स्वाभाविक ही है।

**नया तकनीकी संकट**

# मनुष्य बनने की ओर कृत्रिम बुद्धि रोबोट



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

महात्मा गांधी और विनोबा भावे के अहिंसक विचारों के समर्थक ऑस्ट्रेलियाई मूल के एक दार्शनिक हुए हैं, इवान इलिच, जो अंग्रेजी के अलावा तमाम भाषाओं के साथ हिंदी भी जानते थे। इलिच का विचार था कि वाहनों ने मनुश्य के पैरों की ताकत छीन ली है। मशीनी तकनीक ने मनुष्य के हाथों के हुनर छीन लिए हैं और मनुष्य के विरुद्ध एक प्रति मनुष्य रोबोट के रूप में विकसित कर व्यक्ति को सीमेंट, कंक्रीट और यंत्रों के जंगल में अकेला छोड़ देने के उपक्रम हो गया है। अब ताजा जानकारियां मिल रही हैं कि ओपनएआई यानी कृत्रिम बुद्धि (एआई) आधारित रोबोट का प्रति मानव स्वरूप ऐसी हरकतें करने लगा है कि ये कंपनी प्रबंधकों के प्रतिकूल जा रही हैं। यानी ये रोबोट वास्तविक मनुष्य के आदेश का सटीक पालन नहीं कर रहे हैं। इसे विज्ञान की भाषा या रोबोट की प्रकृति के मुताबिक मिसअलाईमेंट कहा जा रहा है। सीधी भाशा में कहें तो यह स्थिति रोबोट द्वारा पालक व्यक्ति की आज्ञा की अवहेलना है। क्योंकि ये भूलें किसी तकनीकी खराबी की वजह से होने की बजाय एआई ने जानबूझकर कीं, जो हरकत की श्रेणी में आती हैं। ये भविष्य में खतरनाक साबित हो सकती हैं ?

रोबोट में एआई के बढ़ते प्रयोग के चलते इसके संकट में डालने वाले भाव-विचार स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। इसकी एक गलत जानकारी अमेरिका और चीन को परस्पर सैन्य टकराव के निकट ले आई थी। अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान सामने आई इस घटना का पर्दाफाश अब हुआ है। दरअसल पश्चिम एशिया में मौजूद चीन के एक समुद्री जहाज को लेकर अमेरिकी सेना के सायबर सिस्टम में एक गुप्त रिपोर्ट पहुंची, जिसमें कहा गया कि चीनी जहाज में परमाणु हथियार कार्यक्रम को तैयार करने वाले कल-पुर्जे ले जाए जा रहे हैं। यह परिणाम चैटबॉट की सहायता से सामने आया था। रिपोर्ट मिलने के साथ ही अमेरिकी सेना का हरकत में आना स्वाभाविक था। अतएव जहाज को रोकने की रणनीति बनाई जाने लगी। हथियारबंद सैनिक चढ़ाई के लिए तत्पर हो गए। लेकिन यह अच्छा रहा कि हमला बोलने से पहले अधिकारियों ने एक बार फिर रिपोर्ट की गंभीर जांच कर ली। तब संज्ञान में आया कि एआई ने जहाज पर उपलब्ध कलपुर्जों की गलत पहचान कर ली थी। नतीजतन हमले की कार्यवाही पर विराम लगा दिया गया। एआई द्वारा ऐसे मामलों में सामने आ रहा है कि वे इंटरनेट द्वारा नियंत्रित अनुशासन का उल्लंघन कर रहे हैं। यानी एआई उपकरणों में इंसानी समझ और हरकत करने की इच्छाएं अंगड़ाई लेने लगी हैं। एआई की निजी पहचान निर्मित कर लेने की यह महत्वाकांक्षा भविष्य में बड़े संकट का कारण बन सकती है?

रोबोट में बुद्धि डालकर उसे हम मनुष्य का शासक बनाने में लगे हुए हैं। अभी तक रोबोट को नए-नए रूपों में विकसित करने का काम वैज्ञानिक रूपी मनुष्य करता था, लेकिन प्रौद्योगिकी के आकाश में कृत्रिम बुद्धि ने ऐसे पंख दे दिए हैं कि रोबोट अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से स्वयं अद्यतन (अपडेट) होने लगे हैं और जो जीवित रोबोट अस्तित्व में आए हैं, वे स्वयं रोबोट पैदा करने लगे हैं। रोबोट के स्वमेव परिवर्तन और नए रोबोट पैदा करने की इस ताकत के परिणाम फलदायी होने की बजाय घातक होने की आशंकाएं ज्यादा दिखाई दे रही हैं। इसीलिए एआई विशेषज्ञ आल्टमेन से लेकर एलन मस्क तक इस तकनीक को मानवता के अस्तित्व पर बड़ा खतरा मान रहे हैं।

भविष्य का रोबोट यांत्रिक-मानव भर नहीं रह जाएगा, उसे यंत्र और कृत्रिम बुद्धि के बूते एक जीवित मानव में बदलने के प्रयास हो रहे हैं, अर्थात कालांतर में जीवित रोबोट हमारे समक्ष होगा? इस दिशा में अमेरिका के वैज्ञानिकों ने जीवित रोबोट का एक प्रतिदर्श (मॉडल) आविष्कृत भी कर लिया है। वैज्ञानिकों के एक समूह ने मेंढक के भ्रूण की जीवित कोशिकाओं को अन्य नूतन जीवन रूपों के रूप में अवतरित करने में सफलता प्राप्त कर ली है। इसे एक्सनाबॉट्स रोबोट नाम दिया गया है। इसमें न्यूनतम वजन की युक्ति (डिवाइस) के जरिए इंद्रिय बोध कराया जा सकता है। इसमें 24 संवेदी यंत्र (सेंसर) संलग्न हैं। यह मांसपेशियों की गतिविधियों और दिमागी अनुभव करके काम को अंजाम देता है। इसे तकनीकी नाम ह्यएस्पर बायोनिक्स प्रोस्थेटिक हैंडह्व दिया गया है। इसे क्रियाशील बनाए रखने में एआई और क्लाउड प्रौद्योगिकी अर्थात क्लाउड कंप्यूटिंग का प्रयोग किया जाता है। इस तकनीक के जरिए हार्डडिस्क या ड्राइव की बजाय इंटरनेट पर उपलब्ध डाटा और प्रोग्राम ग्रहण कर लिए जाते हैं। हम जानते हैं किसी हार्डडिस्क में सूचनाओं की उपलब्धता की एक सीमा है, लेकिन सूचना अंतर्जाल में असीमित हैं। क्लाउड टेक्नोलॉजी को सरल रूप में यूं भी समझ सकते हैं कि जिस तरह से बादलों में पानी भरा होता है, उसी तरह क्लाउड (बादल) कंप्युटिंग में सूचनाएं भरी होती हैं। मसलन इस तरह का मशीनी रोबोट मानव वास्तविक मनुष्य के समानांतर प्रति मानव के रूप में खड़े होने की तैयारी में आ गए हैं।

यह अद्वितीय आविष्कार आरंभिक अवस्था में हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के समन्वय से निर्मित उपकरण भर था। शुरूआत में इसकी उपयोगिता मनुष्य की पहुंच से बाहर कठिन और खतरनाक कामों से जुड़ी थी। इसके प्रभावी उत्पादकता के मद्देनजर इसमें बदलाव होते रहे और इस तकनीक को नाम दिया गया रोबोटिक्स कालांतर में डिजिटल, एआई और इंटरनेट तकनीक के समन्वय की युक्तियों से जीवित रोबोट की एक प्रजाति चलन में आ रही है, जिसे बायोनिक्स और एक्सनोबाट्स नाम दिए गए हैं। ये रोबोट मानव प्रजाति और उसकी स्वाभाविक जन्मजात बुद्धि के लिए बड़े खतरा माने जा रहे हैं।

हालांकि कृत्रिम बुद्धि के आविष्कारक निमार्ता और व्यापारी के बीच अजीब विडंबना देखने में आ रही है। एक तरफ तो कंपनियां दावा कर रही है कि एआई मनुष्य की कार्य क्षमता को नए ढंग से बढ़ाएंगी। नई खोजों को गति देंगी। ये उपलब्धियां भविष्य की दुनिया को सुविधाजनक बनाने वाली साबित होंगी ? दूसरी तरफ इन्हीं कंपनियों के प्रबंधक चेतावनी दे रहे हैं कि एआई दुनिया को खतरनाक मोड़ पर ले जाने की दस्तक दे रही हैं। अब यह एआई विषेशज्ञों का ही दायित्व बनता है कि जब एआई मानव जाति के लिए खतरा है, तो वही लोग इसे नए-नए उपयोगी रूपों में आगे क्यों बढ़ा रहे हैं ? उनके लिए आर्थिक लाभ जरूरी है या मनुष्यों का अस्तित्व ?

## पुस्तकालय की पुरानी किताब

नगर पालिका के पुराने केंद्रीय पुस्तकालय के बाहर कंक्रीट की टूटी सीढ़ियों पर पचहत्तर साल के हरिशंकर जी हर दोपहर ठीक एक बजे अपनी लाठी टेकते हुए आकर बैठ जाते थे। उनके कांपते हाथों में जिल्द चढ़ी एक पुरानी मोटी किताब रहती थी जिसका पहला पन्ना बड़ी बेरहमी से बीच से फाड़कर अलग कर दिया गया था। पुस्तकालय का नया क्लर्क जब भी उन्हें उस फटे पन्ने वाली किताब को अपनी धोती के छोर से बार-बार पोंछते देखता तो चाय का कुल्हड़ मेज पर रखते हुए ठहाका लगाकर कहता कि ₹बाबा जब इस पूरी लाइब्रेरी का डिजिटलीकरण हो चुका है और सारे ग्रंथ कंप्यूटर की स्क्रीन पर मौजूद हैं तो इस आधी फटी किताब को रोज अपनी छाती से चिपकाकर यहाँ अफसरों के आगे नुमाइश क्यों लगाते हो।₹ हरिशंकर जी अपनी पुरानी धुंधली ऐनक को ठीक करते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि ₹बेटा यह फटा हुआ कागज केवल बेजान जिल्द नहीं है बल्कि इस पूरे महकमे की वो कड़वी सच्चाई है जिसे तुम्हारे ये चमचमाते कंप्यूटर कभी नहीं दिखा पाएंगे।₹ आसपास खड़े तमाम मुंशी और शोधार्थी उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि ₹लगता है इस बुढ़ापे में मासाब की मति मारी गई है जो एक फटी किताब को अपनी ढाल बनाकर पूरे साहित्य और संस्कृति विभाग से उलझने चले आए हैं। हरिशंकर जी किसी की बात का तनिक भी बुरा माने बिना उस किताब की फटी हुई कोर को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और चुपचाप गाड़ियों के आने का इंतजार करते रहते थे।

पुस्तकालय के सभी कर्मचारी हरिशंकर जी की इस मूक उपस्थिति से पूरी तरह वाकिफ थे और उन्हें एक सनकी रिटायर्ड शिक्षक मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। दफ्तर का बड़ा बाबू जब भी नई किताबों की खरीद का बिल लेकर मुख्य अधिकारी के केबिन की तरफ बढ़ता तो हरिशंकर जी बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और हाथ जोड़कर कहते कि बाबू जी क्या आज उस राष्ट्रीय लेखक सम्मान और पेंशन वाले कागज पर साहब के दस्तखत हो गए।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 23 सितंबर 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - द्वादशी21:12 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - श्रवण08:48 उपरांत धनिष्ठा
योग - सुकर्मा17:18 उपरांत धृति
करण - बव
चन्द्रमा - मकर मे है 21:40 पर कुम्भ मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 11तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में दोपहर बाद नए अवसर और लाभ मिलने के योग बनेंगे। सेहत अच्छी रहेगी, ऊर्जा बनी रहेगी।

**वृषभ-** व्यापारिक योजनाओं में दोपहर के बाद तेजी आएगी, बड़ा लाभ संभव है।

**मिथुन-** लव पार्टनर के साथ संवाद बेहतर रहेगाआर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रुका धन वापस आएगा।

**कर्क-** दोपहर के बाद अष्टम चंद्र का प्रभाव शुरू होने से सतर्क रहने की जरूरत है।

**सिंह-** दफ्तर की गॉसिप से दूर रहें, विरोधी हावी हो सकते हैं। अचानक कोई बड़ा खर्च आ सकता है, उधारी से बचें।

**कन्या-** वैवाहिक जीवन में संयम रखें, बहस से बचें। पेट दर्द या मौसमी बीमारियों से सावधान रहें

**तुला-** नौकरी-पेशा हैं तो इस दिन मन थोड़ा चंचल या दुविधा में रह सकता है। सिरदर्द या थकान महसूस हो सकती है।

**वृश्चिक-** व्यापारिक फैसलों में जल्दबाजी न करें, अनुभवी लोगों की सलाह लें।

**धनु-** प्रेम संबंधों में एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा।

**मकर-** नौकरी-पेशा हैं तो वित्तीय मामलों में सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। व्यापारिक लेनदेन में पारदर्शिता रखें।

**कुंभ-** पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा, अपनों का साथ मिलेगा। संचित धन में वृद्धि होगी। सेहत उत्तम रहेगी, दिनभर स्फूर्ति बनी रहेगी।

**मीन-** रुका हुआ पैसा मिलने से राहत मिलेगी। खानपान पर ध्यान दें, पेट का ध्यान रखें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**समसामयिक**

## देश में छात्रों को गूंज की जरूरत क्यों पड़ी?

भारत का अपना भविष्य क्या आज के समय में अंधकार में भटक रहा है, यह फिर शिक्षित पढ़े-लिखे नौजवान रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। परीक्षा में बढ़ती धांधली के विरोध मे स्वर धीरे धीरे आज गूंज क्यों बन गई। इस विषय पर कोई सोच क्यों नहीं रहा है, आरक्षण के नियमों में युवा पीढ़ी जो पढ़ी-लिखी अनुभवी हैं और शिक्षिक है, वह पीछे रहे जातें हैं, और जो इस आरक्षण से आगे बढ़ते हैं। उनका अनुज्ञान कैसे-कैसे रंग दिखाता है। वह तो सभी को मालूम है, कहीं पुल पुलिया ऐसे उल्टे-सीधे बन जाते हैं, और कहीं चंद समय में ही धराशाई हो जाते हैं। भ्रष्ट तंत्र की महिमा के चलते युवा वर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। इसीलिए तो वह समझ रहा कि अब कोई भी उसकी सून नही रहा है, तभी तो ऐसी गूंज की आवश्यकता पड़ रही है। पक्ष-विपक्ष की राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने अपने फायदे को देखते हुए, अपनी डफली बजा रहे हैं। सत्ताधीश पार्टी को अब विषय की गंभीरता को समझना होगा। क्योंकि जब शिक्षित पढ़ा-लिखा समाज कोई गलत बात के खिलाफ आवाज उठता है, तो उसे समझना होगा। ऐसे गंभीर मुद्दों पर तुरंत फैसला लेना सरकार का काम है। उसी नब्ज को पकड़ते हुए विपक्ष के देता राहुल गांधी पूरे देश में छात्रों की गूंज को शुरू कर दी है। इसमें उनका कोई भी फायदा हो या फिर आने वाले चुनावी रण भंवर में हथियार बनने हेतु उन युवाओं के पास जा रहें हैं।देश के छात्रों को 'छात्रों की गूंज' अभियान की जरूरत मुख्य रूप से शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों, पेपर लीक और रोजगार के संकट के खिलाफ अपनी आवाज उठाने के लिए पड़ी है। यह अभियान कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा देश के विभिन्न शहरों (जैसे हैदराबाद और इंदौर) में छात्रों की समस्याओं को सीधे सुनने और उन्हें एक मजबूत मंच देने के उद्देश्य से शुरू किया गया हो। पर सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्षी दलों को भी जेन जी को लोकलुभावन बातों का वादों में सपने दिखाने हेतु, अपने अपने करीब ला रहे हैं। इस तोड़-मरोड़ से देश में युवा क्रांति शुरू हो चुकी है, पर इन सभी से आमजन यही पूछ रहा है, कि देश में छात्रों को गूंज की जरूरत क्यों पड़ी? महंगी होती शिक्षा पढ़ाई का बोझ के बाद अगर रोजगार नहीं मिले तो क्या करें, जीवनयापन कैसे करें। आखिर इन बेरोजगार युवाओं के लिए किसी के पास कोई विकल्प या विजन क्यों नहीं है, सरकारों के पास गारंटी नहीं। फिर किसी ना किसी को लेनी तो होगी युवाओं के पक्ष में गारंटी। केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से आत्मनिर्भरता की बात बड़ी मजबूती से रखतीं हैं,तो छात्रों की इस तकलीफ उनकी गूंज पर आत्मचिंतन करने से क्यों भाग रहीं हैं। जमीनी हकीकत को देखें तो इसका बहुत असर होगा, इसलिए सोच में विचारों की गहराईयों और युवाओं के भविष्य के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। अगर अभी भी नहीं जागे तो यह युवाओं का यह उबाल पुराने आंदोलन से ज्यादा दमदार व बड़ा होगा, जब भारत की युवा शक्ति अपनी बातों के लिए फिर से सड़क पर उतारने के लिए मजबूर होने लगेगी। उनकी गूंज से लालकिले की प्राचीर भी प्रभावित होंगी, क्योंकि आने वाला समय युवाओं का ही है। दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुई यह चिंगरी अभी बुझीं नहीं है। अब तो राजनीतिक पार्टियों के साथ विपक्ष ने इस पर सवाल खड़े किए हैं। छात्रों की गूंज में आवाज उठाना कोई गलत बात तो नहीं है। कब तक युवा वर्ग चुप रहेगा? सत्ता के लोग राहुल गांधी की यात्रा को झूठ की यात्रा बोलें,या और कुछ भी, लेकिन भारत के भविष्य की चिंता के प्रति कितने लोग या राजनीतिक दल जवाबदेही लेंगे? अगर नहीं तो छात्रों की इस गूंज की आवश्यकता देश पढ़ती रहेंगी।



हरिसिंह चौहान
(दैनिक अवन्तिका)

# आयुर्वेदिक चिकित्सा वैश्विक पथ की प्रगति पर अग्रसर

**23 सितम्बर, आयुर्वेद दिवस पर विशेष**



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

विश्व की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों में आयुर्वेद चिकित्सा का गोरवशाली इतिहास रहा है। अब इस पुरातन चिकित्सा पद्धति को आधुनिकता की ओर ले जाने के निरंतर केंद्रीय सरकार की अहम भूमिका बनी हुई है। आयुर्वेद के जरिए गंभीर बीमारियों को भी जड़ से खत्म किया जा सकता है, इससे प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं पड़ता है ,और आम आदमी की पहुंच में भी है। आयुर्वेद के करीब दो हजार वर्ष बाद प्रचलन में आई एलोपैथी प्रयोग और अनुसंधान के दम पर काफी आगे निकल गयी। जिस एलोपैथी चिकित्सा पद्धति का आज बोलबाला है, 17 वीं शताब्दी तक इसकी कोई पहचान नहीं थी। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सबसे पुरानी पद्धति इन दिनों काफी प्रिय हो रही है । इसकी इतनी विशेषता है, कि प्राकृतिक तरीके से रोगी का उपचार किया जाता है। वैश्विक स्तर पर इसकी स्वीकार्यता बढ़ गई है। वैसे भारत में आयुर्वेद होम्यौ पैथ या यूनानी की मान्यता और इसके प्रति लोगों का भरोसा प्राचीन काल से ही रहा है। अब इस आयुर्वेद चिकित्सा विधा के बढ़ते विश्वास से आयुष उधोग भी लगातार बढ़ रहे हैं। आठ-दस साल पहले 20 हजार करोड़ रु. का कारोबार था ,जो बढ़?कर 1.50 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। केन्द्र सरकार ने अब आयुर्वेद दिवस 23 सितंबर को मनाने का फैसला विगत वर्ष में ही लिया है। पहले इसे हर साल धन्वंतरि जयंती (धनतेरस) के दिन के दिन मनाया जाता था। आयुष आयुर्वेद राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा₹आयुर्वेद केवल इलाज की पद्धती नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है।₹गोवा में 302 करोड़ से बन रहे-- भारतीय आयुर्वेद संस्थान को चिकित्सा पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। गोवा मैं आयुर्वेदिक चिकित्सा का यह परिसर 50 एकड़ का होगा ।यह अत्याधिक संस्थान है, इस संस्थान में अध्ययन, अध्यापन, वह आधुनिक चिकित्सा से परिपूर्ण होगा।

आयुष के क्षेत्र में असीम संभावनार जन्म ले रही है। औषधीय पौधों की खेती से लेकर स्टार्टअप तक आयुष इंडस्ट्री की बड़ी ताकत है। भारत में इस समय आयुष इंडस्ट्री पर आधारित करीब 40 हजार लघु उद्योग कार्यरत हैं ।प्रतिवर्ष 14 -15 प्रतिशत भारतीय आयुष उद्योग के आगे बढ़ने का अनुमान है। इससे अधिक रोजगार की संभावनाएं बनती हैं। उम्मीद है, कि 5.5 लाख नौकरियां आयुर्वेदिक इंडस्ट्री से उत्पन्न हो सकती है।

आयुर्वेद के सिद्धानों के पालन से बढ़ती है, रोग प्रतिशोध समता क्योंकि आयुर्वेद में लहसुन, हल्दी, मुलेठी, तुलसी के सेवन के अलावा गर्म पानी का सेवन, भाप और अणु तेल से बेहतर स्वास्थ्य प्राप्र किया जा सकता है। इसके लिए आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह लेनी बेहतर होगा। आयुर्वेदाचार्य डी. परमेश्वर अरोड़ा के अनुसार 4 मुनक्का, 4 काली मिर्च और एक चुटकी हल्दी रात में दूध के साथ पिए। इसरे अलावा शीतोपलादि चूर्ण, च्यवनप्राश का सेवन भी लाभदायक होगा। कुछ भी खाएं, लेकिन उसकी गुणवत्ता , मात्रा संयोजन सेवन के तरीके और सेवन के समय की जानकारी से ही लेवे तभी उसका लाभ मिलेगा।- आयुर्वेद का मानना है कि पूरा ब्रह्मांड पांच तत्वों से मिलकर बना है। इनमें वायु, जल, आकाश, पृथ्वी व अग्नि शामिल हैं। आयुर्वेद में इन्हें पंच महाभूत कहा गया है। मनुष्य के शरीर में तीन विकार पैदा होते हैं- पित्त दोष, - वात दोष व कफ दोष। इन्हें त्रिदोष कहा जाता है, जो पांच उपदोषों के साथ मिलकर शारीरिक क्रिया को नियंत्रित करते हैं। आयुर्वेद का मानना है कि मनुष्य के शरीर में सप्तधांतु (सात ऊतक) हैं- रस, मेद, रक्त, मज्जा, अस्थि, मम्स व शुक्र। इनके अलग-अलग काम हैं और रोगों के निदान में भी इनकी महती भूमिका होती है।

**धर्म-आस्था**

# हनुमानजी और उज्जयिनी का सनातन नाता : पुराणों के आलोक में



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

इन दिनों उज्जैन में खड़े हनुमानजी को लेकर अनेक प्रकार की चचाएँ हो रही हैं। इसी बीच हनुमानजी पर केन्द्रित फिल्म ।हनुमान अंश। भी चर्चा में है। यह सुखद है कि हमारी नई पीढ़ी में हनुमानजी के प्रति जिज्ञ-ासा, आस्था और आकर्षण बढ़ रहा है। ऐसे समय में मन सहज ही हमारे प्राचीन ग्रन्थों की ओर जाता है और एक रोचक प्रश्न सामने आता है—क्या हनुमानजी का उज्जयिनी से भी कोई प्राचीन सम्बन्ध रहा है? इसका उत्तर अत्यन्त रोचक है। हनुमानजी और उज्जयिनी का नाता आज का नहीं है; इसके सूत्र हमारी सनातन पौराणिक परम्परा में बहुत गहरे दिखाई देते हैं।

शिवमहापुराण की कोटि रुद्रसंहिता के अध्याय 17 में महाकाल ज्योतिर्लिंग के माहात्म्य के प्रसंग में उज्जयिनी के राजा चन्द्रसेन की कथा आती है। राजा भगवान महाकाल के परम भक्त थे। एक दिन एक छोटे गोपबालक ने उन्हें बड़े भाव से शिवपूजा करते देखा। बालमन पर उस दृश्य का ऐसा प्रभाव पड़ा कि उसने भी एक साधारण पत्थर को शिवलिंग मान लिया और उसी निष्कपट श्रद्धा से उसकी पूजा करने लगा। बालक की भक्ति में न कोई आडम्बर था, न किसी फल की कामना। उसका भाव इतना निर्मल था कि भगवान शिव उस पर प्रसन्न हुए। कथा यहीं एक अद्भुत मोड़ लेती है—स्वयं हनुमानजी वहाँ प्रकट होते हैं। वे उस गोपबालक को स्नेहपूर्वक हृदय से लगाते हैं और उसका नाम ।श्रीकर। रखते हैं। हनुमानजी स्वयं श्रीकर को ।शिवाचार। अर्थात भगवान शिव की आराधना की विधि का उपदेश देते हैं। रामभक्त हनुमान यहाँ महाकाल की नगरी में शिवभक्ति के उपदेशक के रूप में हमारे सामने आते हैं। शिवमहापुराण में उनके लिए आया सुंदर भाव—अञ्जनीसूनुः शिवरूपः, अर्थात अञ्जनीपुत्र हनुमान शिवस्वरूप हैं।

हनुमानजी और उज्जयिनी के इस सनातन सम्बन्ध की एक दूसरी सुंदर कथा स्कन्द महापुराण के अवन्त्यखण्ड में मिलती है। लंका-विजय के पश्चात हनुमानजी ने विभीषण से एक दिव्य शिवलिंग देने की प्रार्थना की। विभीषण ने उन्हें अनेक शिवलिंग दिखाए। उनमें से हनुमानजी ने मोती के समान उज्ज्वल एक मौक्तिक शिवलिंग चुना, जिसकी पूर्व में कुबेर द्वारा आराधना की गई थी। उस दिव्य शिवलिंग को लेकर हनुमानजी आकाशमार्ग से चले और यात्रा करते हुए सातवें दिन अवन्तिका—हमारी उज्जयिनी—आ पहुँचे। यहाँ उन्होंने शिवलिंग को रुद्रसरोवर के तट पर रखा, स्नान किया और उनके मन में भगवान महाकाल के दर्शन और पूजन की इच्छा जागी।

जब हनुमानजी आगे जाने के लिए उस शिवलिंग को पुनः उठाने लगे तो वह अपने स्थान से नहीं उठा। मानो उस शिवलिंग ने स्वयं महाकाल की इस पावन भूमि को अपना स्थान चुन लिया हो। वह वहीं स्थित रहा और आगे चलकर हनुमानजी के नाम से ।हनुमत्केश्वर। के रूप में विख्यात हुआ। उज्जयिनी की धार्मिक परम्परा में हनुमत्केश्वर का महत्त्व आज भी बना हुआ है। इसका सम्बन्ध उज्जयिनी के प्रसिद्ध चौरासी महादेवों से है और स्कन्दमहापुराण के अवन्त्यखण्ड के चतुरशीतिलिङ्ग-माहात्म्य में भी 79 क्रम पर हनुमत्केश्वर का उल्लेख मिलता है।

उज्जयिनी में महाकाल की आराधना और हनुमानजी की उपासना एक ही सनातन श्रद्धा की अविरल धारा में एक-दूसरे से मिलती दिखाई देती हैं।



## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना-5240, सरसो- 7050-7601, तुवर-4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा-300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,50,500 रवा- 1,50,200 चांदी- टंच- 2,35,500 पाट- 2,35,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## रसोई का काम लेने पहुंचे युवक पर हमला करने का आरोप

**शुजालपुर।** मंडी थाना अन्तर्गत कमलिया गांव में रसोई बनाने का काम मिलने पर पहुंचे 32 वर्षीय युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव निवासी हरिओम परमार पर गाली-गलौज कर ईंट और डंडे से हमला करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार स्वामी विवेकानंद स्कूल के पीछे फ्रीगंज निवासी हेमंत उर्फ गोलू मीणा रसोई बनाने का काम करता है। उसे दिनेश मालवीय ने कमलिया में काम के लिए बुलाया था। सोमवार शाम करीब 7.30 बजे वह साथी रामचंद्र सोनी के साथ गांव पहुंचा। गांव के बाहर उसकी मुलाकात हरिओम परमार से हुई। हेमंत ने दिनेश के बुलाने की जानकारी दी और उसका घर नहीं पहचानने की बात कही। आरोप है कि इसी बात पर विवाद हुआ और हरिओम ने ईंट से उसके सिर पर वार कर दिया। इसके बाद डंडे से सिर, पीठ, हाथ, पैर और कमर पर चोट पहुंचाई।

## खडे.ट्रक में पीछे से घुसा ट्रक, चालक घायल

**शाजापुर।** खड़े ट्रक में पीछे से आ रहा ट्रक जा घुसा। इस घटना में चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भेरू डूंगरी के पास एनएच 52 पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आ रहा ट्रक जा घुसा। घटना में 47 वर्षीय दत्ता पंवार घायल हो गए वह आगरा से महिदपुर जा रहे थे। सूचना मिलने पर डायल 112 के हेड कांस्टेबल पवन शर्मा और पायलट राज सिकरवार मौके पर पहुंचे और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

## शिप्रा नदी पार करने की कोशिश में युवक डूबा, मौत

देवास। रविवार शाम शिप्रा नदी पार करने की कोशिश में 24 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मांगलिया निवासी शिवम सेंगर अपने तीन दोस्तों के साथ शिप्रा पावर हाउस के पास नदी में नहाने गया था। दोस्तों ने उसे नदी पार करने से रोका, लेकिन वह नहीं माना और नदी की बीच धारा में पहुंचने के बाद डूबने लगा। दोस्त और नाविक उसे बचाने के लिए नदी में पहुंचे। शिवम को बाहर निकालकर सीपीआर दिया गया और देवास जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी

**आगर मालवा।** आगर-मालवा के सुसनेर तहसील के खजूरी गांव में कालूसिंह पिता रामलाल ने कुछ ग्रामीणों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सोमवार दोपहर कई ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पीड़ित कालूसिंह ने बताया कि 19 सितंबर को गांव के कुछ लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित के साथ ग्रामीण भी पहुंचे। पीड़ित के मुताबिक, उन्होंने इस घटना की शिकायत सुसनेर थाने में दर्ज कराई थी। हालांकि, आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे ग्रामीण नाराज हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन में मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने पीड़ित कालूसिंह को सुरक्षा देने की भी अपील की है।

### मुख्यमंत्री ने किया 97.63 करोड़ की सड़क का भूमिपूजन

# हाटपिपलिया क्षेत्र में 31.74 किलोमीटर सड़क बनेगी, 72 गांवों को मिलेगा लाभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिले के हाटपिपलिया विधानसभा क्षेत्र को सोमवार को सड़क विकास की सौगात मिली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राजौदा-कैलोद-डबलचौकी मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विद्युतीकरण के साथ बनने वाले 31.74 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर 97.63 करोड़ रुपए खर्च होंगे। सड़क बनने से क्षेत्र के 72 गांवों के करीब 70 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलने की बात कही गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक मनोज चौधरी की मांग पर शिप्रा-सुखलिया से टिकरिया तक सड़क निर्माण को भी मंजूरी दी। इस सड़क से 20 गांवों के करीब 20 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत मां चामुंडा, माता तुलजा भवानी और तेजाजी महाराज के जयकारों के साथ की। इस दौरान उन्होंने विधायक मनोज चौधरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं।



कार्यक्रम में विधायक मनोज चौधरी ने उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा का राम दरबार भेंट कर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि विकास कार्य करना और जनता की सेवा करना ही राजधर्म है। सरकार इसी राजधर्म का पालन कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए काम जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक ही निवेदन पर महत्वपूर्ण सड़क मार्ग की स्वीकृति देकर क्षेत्र को सौगात दी है।

हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जब पहली बार हाटपीपल्या आए थे, तब क्षेत्र को मां नर्मदा का जल मिला था और अब 97.63 करोड़ रुपए की लागत से मुख्य मार्ग की सौगात मिली है।

विधायक ने शिप्रा-सुखलिया से टिकरिया तक सड़क निर्माण की मंजूरी के लिए भी शासन का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इससे 20 गांवों की करीब 20 हजार आबादी को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को निःशुल्क रजिस्ट्री और 10 घंटे बिजली का जिक्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास के काम लगातार किए जा रहे हैं। राज्य सरकार भी हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीणों की जमीन की निशुल्क रजिस्ट्री की सुविधा दे रही है। किसानों और ग्रामीणों को पर्याप्त 10 घंटे बिजली सप्लाई देने की भी बात कही। मुख्यमंत्री ने बताया कि 25 तारीख से क्षेत्र के नागरिकों के लिए नई बसों का संचालन भी शुरू किया जाएगा।



## मेरिट में स्थान बनाने वाले दो विद्यार्थियों को मिली स्कूटी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी

**शुजालपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेड़ा में मध्यप्रदेश शासन की योजना के अंतर्गत कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय की छात्रा राजनंदनी तथा कला संकाय के छात्र देवराज धनगर को स्कूटी प्रदान की गई। दोनों विद्यार्थियों ने विद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाया था। स्कूटी मिलने पर विद्यालय स्टाफ के सदस्यों ने दोनों विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच बापूसिंह मेवाड़ा, संस्था प्रभारी प्राचार्य हजारीलाल जाधव, विद्यालय का समस्त स्टाफ , ग्रामीणजन एवं विद्यार्थियों के पालक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूटी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अन्य विद्यार्थियों को भी मन लगाकर पढ़ाई करने और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अच्छे अंक प्राप्त कर शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं और अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम की जानकारी भूगोल शिक्षक विक्रम सिंह कुशवाह ने दी।

## संत हिरदाराम साहिब की जयंती पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, 72 मरीजों की जांच



**शुजालपुर।** संत हिरदाराम साहिब के 120वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने संत हिरदाराम साहिब के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। शिविर में 72 मरीजों की आंखों की जांच की गई। चिकित्सक डॉ. जसवंत यादव एवं डॉ. नेहा सोनी ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। जांच के दौरान पांच मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जबकि दो मरीजों में नाखूना की समस्या पाई गई। इसके अलावा 15 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। शिविर में मरीजों की शुगर और बीपी की जांच भी की गई। कार्यक्रम में सेवा सदन के जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य सहित सेवा सदन परिवार के संदीप अग्रवाल, गंगाधर शर्मा, हरिनारायण परमार, सुरेश परमार, शशांक जैन सहित अन्य मौजूद रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं मातृशक्ति एवं सिंधी पंचायत के सदस्यों ने सहयोग किया। सेवा सदन परिवार ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### खेती और पुराने गांव से नाता न टूटे, गौशाला प्रभावित न हो

# डूब प्रभावित ग्रामीणों ने पुनर्वास की जमीन पर आपत्ति जताई, दिया आवेदन

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

मध्य प्रदेश परियोजना के डूब क्षेत्र से असर पड़े ग्राम पाचारूंडी और काशीबर्डिया के परिवारों ने पुनर्वास के लिए नई आबादी बसाने की मांग की है। ग्रामीणों ने आगर मालवा जिला पंचायत सीईओ बी एस सोलंकी और आगर एसडीएम कमल मंडलोई को मिलकर आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि पुनर्वास के लिए जमीन तय करते समय उनके पुराने घर, खेती की जमीन और मौजूदा व्यवस्थाओं का ध्यान रखा जाए।

ग्रामीणों के मुताबिक, पुनर्वास के लिए ग्राम भीमलोद-पाचारूंडी के सर्वे नंबर 79/299 और ग्राम काशीबर्डिया के सर्वे नंबर 267, 291, 319, 320, 318, 292, 269 और 232 की जमीन बताई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि काशीबर्डिया में उनकी खेती की जमीन है। वे लंबे समय से गांव से जुड़े रहे हैं। इसलिए पुनर्वास के दौरान उन्हें खेती और पुराने गांव से जुड़े रहने की सुविधा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

ग्रामीणों ने मांग की है कि तय की गई सभी जमीनों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए। राजस्व रिकॉर्ड की जांच हो और असर पड़े परिवारों की स्थिति के हिसाब से पुनर्वास की जगह तय की जाए।

### सर्वे नंबर 301 पर ग्रामीणों की आपत्ति

ग्राम पंचायत पाचारूंडी ने सर्वे नंबर 301 की जमीन पर आबादी बसाने का प्रस्ताव दिया है। इस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि इस जमीन पर अभी गौशाला चल रही है, जिसमें 500 से ज्यादा गायें हैं। ऐसे में वहां मकान बनने से गौशाला की व्यवस्था पर असर पड़ने का डर है।

# मोटर चालू करते समय करंट लगने से युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

पुलिस थाना शुजालपुर मंडी अन्तर्गत ग्राम डुंगलाय में सोमवार को करंट की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसा खेत पर स्थित कुएं की मोटर चालू करने के दौरान होना बताया जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार डुंगलाय निवासी राजकुमार मेवाड़ा 17 वर्ष पिता ओमप्रकाश मेवाड़ा सोमवार को खेत पर गया था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक वह कुएं पर लगी मोटर चालू करने के लिए स्टार्टर का बटन दबा रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और झटका लगने से कुएं में गिर गया। परिजन उसे शासकीय सिविल अस्पताल शुजालपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकीय परीक्षण में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस रिकॉर्ड में मामला धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच में लिया गया है। घटना सोमवार दोपहर और शाम के बीच की बताई जा रही है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों और घटनाक्रम की विस्तृत जांच की जा रही है। किशोर की मौत की खबर से डुंगलाय गांव में शोक का माहौल है।

## हलवाई एसोसिशन बैठक निर्वाचन सम्पन्न

**तराना।** हलवाई एसोसिशन की वार्षिक बैठक चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें उपस्थित सदस्यों की अनुशंसा पर अध्यक्ष पक्ष पर महेश प्रजापति को मनोनीत किया एवं समिति का गठन किया। रजिस्टेस्शन की प्रक्रिया का अनुमोदन उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर धमेन्द्र ठाकुर उपाध्यक्ष, गजेन्द्र दास बैरागी सचिव, मकेश चौहन (कोषाध्यक्ष) गणेश जोशी ( सचिव), अरुण चौधरी, अशोक प्रजापति नारायण प्रजापति, संजय प्रजापति , पवन तिवारी, भारत यादव, जितेन्द्र हेमावत, संजय हेमावत, खाजेशक राजेश दयालु कसेरा, भगवान सिंह प्रजापति, सुरेश राठोर, अनिकेत ठाकुर, लच्छु उस्ताद सुनिल प्रजापति, सत्यनारायण सन्डेरा आदि उपस्थित रहे।

### शाजापुर में उल्लास के साथ मना तेजा दशमी का पर्व

# शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से निकलीं आकर्षक छतरियां, गूंजे जयकारे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिलेभर में लोक देवता सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज का पर्व तेजा दशमी सोमवार को अपार श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक तेजाजी के मंदिरों, चबूतरों पर दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

इस दौरान शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से गाजे-बाजे के साथ आकर्षक छतरियों के विशाल चल समारोह निकाले गए। शहर के विभिन्न मोहल्लों, कॉलोनियों और ग्रामीण अंचलों से निकले ये चल समारोह जब प्रमुख मार्गों से गुजरे, तो जगह-जगह इनका पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, सुसज्जित बैंड और बग्गियों के साथ निकली इन छतरियों के जुलूस में सैकड़ों की संख्या में भक्तजन शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए तेजाजी महाराज से सुख-समृद्धि और आरोग्य का आशीर्वाद मांगा और निशान चढ़ाए।



### ज्योतिनगर मंदिर में हुआ आयोजन

श्री वीर तेजाजी भक्त मंडल के तत्वावधान में ज्योतिनगर स्थित सत्यवीर तेजाजी के मंदिर पर भी प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशेष उत्सव मनाया गया। यहां से भी एक विशाल जुलूस निकाला गया। इस पावन मौके पर वीर तेजाजी मुख्य मंदिर के पुजारी गोकुल प्रसाद मालवीय ने श्रद्धालुओं को तेजाजी की महिमा बताई।

## संभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता में 250 खिलाड़ी मैदान में दिखाएँगे दमखम

**शुजालपुर।** मां शारदा सांदीपनी स्कूल परिसर सोमवार को फुटबॉल खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा का गवाह बना। यहां संभागीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। अंडर 17 जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की इस प्रतियोगिता में संभाग के सात जिलों से करीब 250 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। एक दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाडि?ों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों पर चयनकर्ताओं की नजर रहेगी। इन्हीं के प्रदर्शन के आधार पर बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

चयनित खिलाड़ी आगामी राज्यस्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भी शुजालपुर में 6 से 10 अक्टूबर तक प्रस्तावित है। ऐसे में संभागीय प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तर पर जगह बनाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

## श्री सांवरिया साख सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन

**179, अलकापुरी, उदयन मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) म.प्र. सहकारी अधिनियम 1960 (17/1961 धारा 7) के अंतर्गत पंजीयन**

**पंजीयन क. डीआर/युजेएन/150483/25**

## विज्ञप्ति

संस्था के सभी अंशधारी सदस्यों सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 की संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 23 सितम्बर 2026, वार बुधवार को दोपहरः 3.00 बजे स्थान - योग भवन, भारत माता मंदिर के नीचे, भारत माता मंदिर, माधव सेवा न्यास, महाकाल मंदिर, उज्जैन (म.प्र.) पर आयोजित की गई है। नियमानुसार वार्षिक साधारण सभा की सूचना सभी सदस्यों को डाक द्वारा दि. 09-09-2026 को भेजी गई है। यदि किसी भी सदस्य को किन्ही अपरिहार्य कारणों से डाक द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्त नहीं हुई हो तो कृपया इस सूचना के आधार पर वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित होने का कष्ट करें। गणपूर्ति के अभाव में वार्षिक साधारण सभा उसी दिनांक एवं स्थान पर आधा घण्टा पश्चात प्रारंभ होगी, जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

**दिनांक : 23 सितम्बर 2026, वार बुधवार**
**समय : दोपहर 3.00 बजे**
**स्थान : योग भवन, भारत माता मंदिर के नीचे, भारत माता मंदिर, माधव सेवा न्यास, महाकाल मंदिर, उज्जैन (म.प्र.)**

**आज्ञा से -**
**हर्षद भारद्वाज**
**अध्यक्ष**
**श्री सांवरिया साख सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बडनगर (रा.) जिला उज्जैन, (म.प्र.)

**प्रो.र.न.1/08**
**प्रकरण क्रं. 0091 / अपील /2026-27** **16.09.2026**

## पक्षकारों की तारीख पेशी और स्थान की सूचना

दीपक पिता महेश जाति माली आदि निवासी ग्राम पिपलु, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, मप्र - **अपीलार्थी**

**विरूद्ध**

गीताबाई पति रमेशचंद्र जाति माली, निवासी ग्राम पिपलु, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, मप्र ------ **गैर अपीलार्थी**

**बनाम :-** गीताबाई पति रमेशचंद्र जाति माली, निवासी ग्राम पिपलु, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

**द्वारा-समाचार पत्र**

एतद द्वारा आपको सूचना दी जाती है कि अपीलार्थी दीपक पिता महेश जाति माली आदि निवासी ग्राम पिपलु तहसील बडनगर जिला उज्जैन के द्वारा न्यायालय तहसीलदार बडनगर, तहसील बड़नगर के न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 0006/अ-70/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 15/07/2025 ग्राम पिपलु से असंतुष्ट एवं क्षुब्ध होकर अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील की सुनवाई दिनांक 06.10.2026 को दिन के 11:00 बजे अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय बडनगर पर होगी। यदि निश्चित तारीख को आप स्वयं व न्यायालय की अनुमति से आपका मुख्त्यार या वकील की अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा न्यायालय की मुहर के अधीन आज तारीख 16/09/2026 को जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बड़नगर जिला उज्जैन**

In The Court of Principal Judge, Family Court, District Court, Ujjain Presiding Officer :

**श्री संजीव कुमार गुप्ता**
**सबब बताने के लिए नोटिस**

(MJC R/533/2024)

**आवेदक------ सबीना बी आदि**

**Vs**

**अनावेदक------- मोहम्मद अयाज खान**
**पेशी दिनांकः 23/10/2026**

**प्रेषिती**

मोहम्मद अयाज खान पिता अब्दुल जलील खान, आयु 42 वर्ष, जाति-मुस्लिम, व्यवसाय-रेडिमेड, कपड़े की दुकान, प्रापर्टी ब्रोकर्स एवं कृषि कार्य, निवासी- म. नं. 96, वार्ड नं. 08, ठाकुर मोहल्ला, नलखेड़ा, जिला आगर मालवा (म.प्र.) मोबा. नं.- 7389625397, 9516242655

विषय :- प्रकरण क्र. (MJC R/533/2024) (सबीना बी आदि विरूद्ध मोहम्मद अयाज खान)

उपर लिखित मुकदमें के संबंध में (MJC R/533/2024) इस अदालत को दरख्वास्त की है कि आवेदक ने धारा 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

इसलिए तुम्हें नोटिस दिया जाता है कि तुम खुद या मार्फत किसी वकील के जिसे मुकदमा का हाल अच्छी तरह समझा दिया गया हो तो तारीख पेशी दिनांक 23/10/2026 को दिन के 11 बजे इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ सबब बतलाओ नहीं तो उसकी तुम्हारी गैर-हाजिरी में सुनवाई होकर फैसला किया जावेगा।

इस अदालत की मोहर से आज दिनांक 17/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**(संजीव कुमार गुप्ता)**
**प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, उज्जैन (म.प्र.)**

**नोट-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं या उक्त तिथि को अवकाश घोषित होता है तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of Additional Judge To Civil Judge Class-II, Tehsil Khachroud District Court, UjjainPresiding Officer:

**सुश्री निर्मला पटेल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)** (RCSA/0000021/2026)

**मोहनबाई आदि----- वादीगण**

**Vs**

**सर्वसाधारण ------प्रतिवादीगण**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 30/10/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण पता- खाचरौद जिला उज्जैन

यह कि प्रार्थी मोहनबाई भील आदि ने इस न्यायालय के समक्ष एक वादपत्र भैरूलाल पिता रामाजी गोयल भील की सिविल मृत्यु घोषित किए जाने की घोषणात्मक बाबत वाद प्रस्तुत किया है। आवेदन के अनुसार वादीगण के पति एवं पिता श्री भैरूलाल पिता रामाजी गोयल जाति भील निवासी रायदास कालोनी छोटी शीतलामाता खाचरौद जिला उज्जैन मध्यप्रदेश दिनांक 19.10.2007 से अचानक बिना बताए कहीं गुम हो गए है। वादीगण उनके रिश्तेदारों और पुलिस थाना खाचरौद गुमशुदगी क्रमांक 30/2007 दिनांक 13.11.2007 द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी पिछले 19 वर्षों से अधिक समय से उनका कोई पता नहीं चला है और न ही उनके जीवित होने की कोई जानकारी मिली हैं।

अतः इस प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त लापता व्यक्ति भैरूलाल पिता रामाजी गोयल भील के जीवित होने के संबंध में कोई जानकारी हो या इस मृत्यु घोषणा के आवेदन पर कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिकृत वकील के माध्यम से आगामी पेशी दिनांक 30.10.2026 को सुबह 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। नियत अवधि समाप्त होने के बाद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और मामले का निराकरण कानून गुण दोष के आधार पर कर दिया जाएगा।

यह आज तारीख 18 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**सुश्री निर्मला पटेल**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड खाचरौद के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश खाचरौद, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 01. राहुल सक्सेना पिता श्री राकेश सक्सेना, 02. श्रीमती प्रज्ञा सक्सेना पति राहुल सक्सेना, दोनो-निवासी-2, पटेल परिसर, होटल नक्षत्र, कस्तूरी बाग कॉलोनी, मक्सी रोड, उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन क्रमाक-02 जो कि भूमि सर्वे नबर-1625 रकबा 0-057 हेक्टर में का भाग, जो कि, पटेल परिसर, कस्तूरी बाग कॉलोनी के पास एम.आर. 5, सेंटपाल रोड, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल-78.83 वर्गमीटर हैं। जिसके पूर्व दिशा में-अन्य खुली भूमि, पश्चिम दिशा में- रास्ता, उत्तर दिशा में-भवन क्रमांक-03, दक्षिण दिशा में-भवन क्रमांक-01 हैं। उपरोक्त वर्णित भवन को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार से किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया हैं। यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचित हो । इति दिनांक-22.09.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन मो-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्री लाखन (नाबालिक) पिता बनेसिंह, 02-काजल (नाबालिक) पुत्री बनेसिंह, 03-नेहा (नाबालिक) पुत्री बनेसिंह, तीनों नाबालिक द्वारा संरक्षक माता श्रीमती कृष्णा बाई एवं 04-श्रीमती कृष्णा बाई पति बनेसिंह, समस्त कृषक-ग्राम इंगोरिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में सर्वे नं.-190 (S) रकबा 0.8300 हेक्टर जो कि ग्राम इंगोरीया तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है। शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त कृषि भूमि पर भूमि स्वामीयो के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया गया हो अथवा स्वत्व, हित व आधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक-22.09.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

# जहां परिचय संवाद में बदलता है, वहीं से नए रिश्तों की संभावनाएं जन्म लेती है

## अखिल भारतीय नागर ब्राह्मण युवक - युवती परिचय सम्मेलन 2026 सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद द्वारा अखिल भारतीय नागर ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन 2026 का भव्य आयोजन किया गया ।

मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद रतलाम द्वारा आयोजित सम्मेलन में करीब 290 युवक युवतियों एवं उनके अभिभावकों द्वारा हिस्सा लिया गया। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा भगवान हाटकेश्वर महादेव के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर परिचय सम्मेलन का विधिवत शुभारम्भ किया ।



कार्यक्रम के प्रारम्भ में परिषद अध्यक्ष पं. जितेन्द्र नागर ने उदबोधन देते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा बताई । आपने बताया कि कुल 21 परिचय समूह बनाए गए और प्रत्येक समूह में ग्यारह युवक एवं तीन युवतियां की टीम बनाई गई जिन्होंने मंच पर आकर अपना परिचय दिया। आपने कहा कि हर परिचय के पीछे एक व्यक्तित्व, एक परिवार, कुछ सपने और भविष्य की अनेक संभावनाएं होती है।

मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण महिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी रावल ने अपने उदबोधन में कहा कि इस आयोजन की सफलता में हमारी मातृशक्ति एवं महिला परिषद की बहनों का परिश्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है ।उनके सहयोग एवं योगदान से ही इतना भव्य एवं सफल आयोजन सम्पन्न हो सका। परिवार जुड़ते है तो केवल रिश्ते ही नहीं बड़ते बल्कि अपनापन और सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। यही ऐसे सम्मेलनों की वास्तविकता सार्थकता है ।

परिचय सम्मेलन में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात सहित अन्य प्रदेशों से आए हुए प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों से कार्यक्रम को भव्यता मिली। सम्मेलन में जैसे नाम पुकारते गए, प्रतिभागियों ने मंच पर आकर,कुछ ने शरमा कर और कुछ ने खुलकर अपना परिचय दिया। जिसका उपस्थित लोगों ने पत्रिका से मिलान करते हुए आगे के रिश्तों को बढ़ाने की प्रक्रिया को प्रारम्भ किया ।

कार्यक्रम के अंत में मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद रतलाम द्वारा आए हुए समस्त अतिथियों, समाजजनों का मंच पर दुपट्टा एवं मोमेन्टों प्रदान कर सम्मान किया ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. अरूण व्यास उज्जैन एवं समाजसेवी महादेव प्रसाद सुखेड़ा ने कार्यक्रम के आयोजक को इतने भव्य आकर्षक कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आयोजन में हाटकेश्वर न्यास अध्यक्ष संजय दवे, संदीप जोशी, निर्मल व्यास, बबलु, ओम त्रिवेदी, हेमंत भट्ट, धर्मेन्द्र नागर, महेश रावल, नवनीत मेहता, दिलीप मेहता, सत्येन्द्र मेहता, पवन दवे, रितेश मंडलोई, राकेश नागर, राजेन्द्र रावल, महिला सहित बड़ी संख्या समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विवेक नागर एवं श्वेता नागर तथा आभार संदीप जोशी ने व्यक्त किया ।

## न्यूज-कॉलम

### एनडीपीएस एक्ट के दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे इनामी बदमाशों की धरपकड़ अभियान के तहत शामगढ़ थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों भारत सिंह पिता कालू सिंह और बनवारी पिता मुकेश व्यास (दोनों निवासी ग्राम आमली) को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे और उनकी गिरफ्तारी पर 1-1 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अब आरोपियों से मामले के संबंध में आगे की पूछताछ कर रही है।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुने 82 मामले

**मन्दसौर।** जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन के साथ 82 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाने, भूमि का इंद्राज दुरुस्त करने, वृद्धावस्था पेंशन, पीएम आवास योजना और फसल बीमा जैसी विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए।

### गाजर घास उन्मूलन के लिए नपा ने किया दवा छिड़काव

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को गाजर घास से मुक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर दवा का छिड़काव नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर एवं स्वास्थ्य समिति सभापति दीपमाला मकवाना के निर्देशानुसार कराया जा रहा है ताकि गाजर घास के फैलाव पर रोक लगाई जा सके। नपा परिषद ने पिछले दिनों शहर के वार्ड क्रमांक 1, 2, 14, 3, 5, 21, 7, 9, 10, 11, 12, 13, 39, 40, 17, 19, 20, 31, 32, 33, 34, 35, 22, 24, 25, 26 और 27 में दवा का छिड़काव कराया है। यह अभियान स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा और सफाई दरोगाओं की सीधी देखरेख में लगातार संचालित किया जा रहा है।

### मिलावटी मावा बेचने वाले व्यापारी को तीन माह की सजा

**मंदसौर।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अतुल बिल्लौरे ने मिलावटी मावा बेचने के मामले में मल्हारगढ़ निवासी व्यापारी बाबूलाल पिता छगनलाल विजयवर्गीय को दोषी करार देते हुए 3 माह के सश्रम कारावास और 2 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। मामला गांधी चौक स्थित विजयवर्गीय मिष्ठान भंडार का है, जहां 8 अक्टूबर 2011 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा ने निरीक्षण कर मावे का सैंपल लिया था। जांच के दौरान राज्य खाद्य प्रयोगशाला और गाजियाबाद लैब में मावा अवमानक और असुरक्षित पाया गया था, जिसके बाद न्यायालय में परिवाद पेश किया गया।

# जलझूलनी एकादशी पर निकली वेवाणों की भव्य सामूहिक शोभायात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

भगवान श्री पशुपतिनाथ की पावन नगरी मंदसौर में जलझूलनी एकादशी (डोल ग्यारस) के पवित्र अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। महावीर फतेह करे सेवा संस्था (बालाजी ग्रुप) की सराहनीय पहल पर नगर के विभिन्न समाजों और मंदिरों के पूजित वेवाणों की एक भव्य सामूहिक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।



आयोजन समिति के अनुसार पूर्व में विभिन्न समाजों द्वारा अलग-अलग समय पर वेवाण निकाले जाते थे, जिससे श्रद्धालु एक ही स्थान पर सभी देव स्वरूपों के दर्शन से वंचित रह जाते थे। इसी असुविधा को दूर करने के लिए शुरू की गई इस सामूहिक शोभायात्रा की परंपरा का यह चौथा वर्ष रहा। इस अवसर पर गांधी चौराहा पर नगर के विभिन्न मंदिरों से वेवाण एकत्र हुए, जहां से एक विशाल चल समारोह प्रारंभ हुआ। यह शोभायात्रा नेहरू बस स्टैंड, घंटाघर और सदर बाजार से होती हुई श्री पशुपतिनाथ मंदिर के समीप शिवना तट पहुंची, जहां सामूहिक आरती के पश्चात सभी वेवाण अपने-अपने मंदिरों के लिए रवाना हुए।

धार्मिक उत्साह से परिपूर्ण इस चल समारोह के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा जिला ध्यक्ष राजेश दीक्षित, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर, बालाजी ग्रुप के जिलाध्यक्ष लोकेंद्र मंगल बैरागी, आयोजन समिति के संयोजक विनोद मेहता तथा अध्यक्ष वदीचंद कुमावत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। समूचे मार्ग में नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।



## राज्य स्तरीय बेसबाल प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मन्दसौर।** भोपाल में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय 17 वर्ष आयु वर्ग बेसबॉल प्रतियोगिता 2026 में मंदसौर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उज्जैन संभाग की टीम को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में उज्जैन संभाग की टीम ने सागर संभाग को पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस टीम में मंदसौर जिले की चंचल सूर्यवंशी (कप्तान), वंशिका, लक्ष्मी खत्री, तनुजा, दिव्यांशी माली, प्रिया, कृष्णा, अनीता, खुशी और दीपिका शामिल थीं। टीम को लोक शिक्षण संचालनालय के रेफरी ओमप्रकाश सूर्यवंशी, दल प्रबंधक राजेश कुमार नाडिया, मुख्य कोच मनोहर घारू तथा सहायक कोच अजय प्रजापत, हरिश बागड़ी, आकाश रैकवार, महेंद्र बागड़ी, विपिन राव और किरणबाला का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला बेसबॉल अध्यक्ष हिम्मत डांगी, रिप्पी चावला, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विजेंद्र देवड़ा, खेल अधिकारियों, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों आदि ने बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## क्षेत्रीय पंचायतों के नागरिकों की समस्या निराकरण हेतु शिविर 24 को

**नीमच।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत आमजन की समस्याओं के निराकरण, शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुगमता से पहुंचाने तथा प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जिले में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 24 सितंबर 2026 को नगर परिषद जीरन में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नगर परिषद जीरन के साथ ग्राम पंचायत अमावली जागीर, बमोरा, चीताखेडा, धामनिया, घसुण्डी जागीर, हरनावदा, कराडिया महाराज, महुडिया, राबडिया एवं सोनियाना के नागरिक शामिल होंगे। संबंधित क्षेत्रों के नागरिक अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं शासकीय योजनाओं से जुड़े प्रकरण शिविर में प्रस्तुत कर सकेंगे। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा , पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमन वैष्णव सहित जिले के समस्त जिला स्तरीय एवं खंड स्तरीय अधिकारी शिविर में उपस्थित रहेंगे। अधिकारियों द्वारा आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी तथा संबंधित विभागों के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे २४ सितंबर को नगर परिषद जीरन में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत करें तथा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का लाभ उठाएं।

## दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी, वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

**मंदसौर।** जिले के पिपलियामंडी में मनासा रोड स्थित माधव बीज भंडार के पास एक साड़ी की दुकान के बाहर से तीन अज्ञात बदमाशों ने मोटरसाइकिल चुरा ली। यह पूरी वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। बदमाशों ने महज एक मिनट के भीतर वारदात को अंजाम दिया और बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। घटना सरवानिया निवासी पवन पोरवाल के साथ सुबह तड़के लगभग 4.42 बजे हुई। सीसीटीवी फुटेज में एक बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों में से दो नीचे उतरते हैं और मास्टर चाबी की मदद से कुछ ही सेकंड में बाइक की बाइक क्र. एमपी 14 एमई 5115 का लॉक खोल लेते हैं। इसके बाद एक बदमाश बाइक स्टार्ट कर भाग निकलता है और बाकी साथी अपनी बाइक से पीछे चले जाते हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को

**मन्दसौर।** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के तत्वावधान में मंदसौर के नूतन हाई स्कूल में रविवार, 27 सितंबर को शांति पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब मंदसौर, लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड एवं लायंस क्लब मंदसौर डायनामिक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस प्रतियोगिता में नगर एवं आसपास के विभिन्न विद्यालयों से 11 से 13 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 150 से 200 विद्यार्थी भाग लेंगे।

## नपाध्यक्ष ने मुक्तिधाम मे निर्मित लकड़ी हाल का किया निरीक्षण

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा सोमवार 21 सितंबर को सादड़ी रोड बघाना स्थित मुक्तिधाम पर पहुंची और वहां नगर पालिका द्वारा 9 लाख की लागत से निर्मित करवाए गए अंतिम संस्कार में उपयोग आने वाली लकड़ी एकत्रित करने के हाल का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका के सभापति श्री नीरज अहीर व पार्षद प्रतिनिधि श्री रामलाल ग्वाला भी उनके साथ थे।निरिक्षण के दौरान मुक्तिधाम समिति के सदस्यों द्वारा मुक्तिधाम पर अन्य कार्य कराए जाने संबंधी आवेदन भी दिया जिस पर श्रीमती चोपड़ा ने मुक्तिधाम में प्रीकास्ट बाउंड्री वॉल, सीसी रोड,पैवर ब्लॉक व शौचालय सहित अन्य कार्य के लिए उपस्थित थे।

## न्यूज कालम



### उत्कृष्ट विद्यालय में पालक-शिक्षक संघ की बैठक संपन्न,छात्र परिषद का सम्मान

**मन्दसौर।** उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में पालक-शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास पर विचार-विमर्श करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य कैलाश चंद सोलंकी ने की। बैठक में परीक्षा प्रभारी एवं पालक-शिक्षक संघ प्रभारी विजय जोशी सहित वरिष्ठ शिक्षकगण और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।बैठक के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, अनुशासन और आगामी परीक्षाओं की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों ने पालकों को बच्चों की पढ़ाई पर नियमित ध्यान देने के लिए प्रेरित किया, वहीं पालकों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान सत्र 2026-27 की छात्र परिषद के सदस्यों का बैच लगाकर सम्मान किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने पालकों द्वारा दिए गए सुझावों पर सकारात्मक रूप से अमल करने का आश्वासन दिया।

### श्री यादव व्यायाम शाला की जल झूलनी एकादशी पर वाहन रैली निकली




**नीमच।** श्री यादव व्यायाम शाला ग्वालटोली द्वारा स्थापना दिवस एवं जलझूलनी एकादशी के अवसर पर स्वाभिमान दिवस वाहन रैली निकाली गई द्य व्यायाम शाला के युवाओं ने 102वां स्वाभिमान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। श्री यादव व्यायाम शाला के तत्वावधान में जलझूलनी एकादशी (डोल ग्यारस) के पावन पर्व पर 102वें स्वाभिमान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज और नगरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान स्वाभिमान यात्रा/वाहन रैली निकाली गईद्य ग्वालटोली व्यायाम शाला से डिस्प्रिंटा पंप मैसेज शोरुम चौराहा आवारा चौक होकर शहर के मुख्य मार्ग से रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, पहलवानों और समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल बना रहा और सभी ने एकजुटता व स्वाभिमान का संदेश दिया।

### शास्त्रों में दान का विशेष महत्व : श्राद्ध पक्ष से पूर्व अंतिम यात्रा सामग्री भेंट



**रतलाम।** भारतीय शास्त्रों में दान को पुण्य और लोककल्याण का श्रेष्ठ माध्यम माना गया है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए दीपक शर्मा ने अपने स्वर्गीय पूज्य पिताश्री हेमराज जी शर्मा की स्मृति में श्राद्ध पक्ष प्रारंभ होने से पूर्व भक्तन की बावड़ी स्थित श्मशान स्थल पर अंतिम यात्रा में उपयोग आने वाली सामग्री भेंट की। इस अवसर पर उनके साथ माताजी श्रीमती कुसुम हेमराज शर्मा, पुत्री लतिका दीपक शर्मा, पुत्र रौनक दीपक शर्मा एवं अन्य परिवारजन उपस्थित रहे। काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव गोविंद काकानी की उपस्थिति में यह सामग्री श्मशान प्रबंध समिति के सदस्य मनोज बोरवाल को सौंपी गई। परिवारजनों ने कहा कि दिवंगत परिजनों की स्मृति में किया गया दान समाज के लिए उपयोगी होने के साथ-साथ उनकी पुण्य स्मृतियों को भी चिरस्थायी बनाता है।

### महिला-बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नीमच।** प्रशासक वन स्टॉप सेंटर नीमच श्रीमती दीपिका नामदेव के मार्गदर्शन में सोमवार को आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-40, बगीचा नंबर-7 में महिला एवं बालिका जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा संकट की स्थिति में उपलब्ध सहायता एवं संबंधित हेल्पलाइन का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। बालिकाओं को भी अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।



### श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण ही कथा का सम्पूर्ण पूजन विधान – प्रभु नागर

**तराना।** सेवा का व्रत ही सबसे बड़ा व्रत है भजन से बढ़कर त्याग होता है, त्याग से बढ़कर सेवा होती है,और सेवा से बढ़कर समर्पण होता है! भागवत भाव श्री गुरु के वचन से प्राप्त होता है! भक्तों की संगति से प्रेम का रंग चढ़ जाता है! अध्ययन, मनन, सेवा,चिंतन भजन में कभी भी संतोष नहीं करना चाहिए। उपरोक्त विचार श प्रभु नागर ने मालवा की द्वारका में स्थित द्वारकाधीश मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को उपस्थित भक्त जनों के समक्ष व्यक्त किए।

### नव निर्वाचित सदस्य मेहता का स्वागत किया



**तराना।** ग्राम डोबड़ा गुर्जर में कथा से समापन पर म.प्र स्टेट बार कॉउंसिल के नव निर्वाचित सदस्य संदीप मेहता शामिल हुए। इस दौरान नव निर्वाचित सदस्य मेहता का स्वागत किया गया जिसमें पूर्व बार अध्यक्ष ओकार सिंह गलगच ,सुभाष शर्मा बघेरा, जयराम बडाल आदि शामिल रहे।वही कथा वाचक वीरेन्द्र शास्त्री ने संबोधित किया। समापन पर महाप्रसादी का आयोजन किया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### गणेशोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों की धूम

**खाचरोद।** श्री सीतला माता स्थित श्री राज राजेन्द्र विद्या मंदिर मे गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेशोत्सव में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा उनके निर्धारित दिवस पर रंगोली, प्रश्न मंच, नृत्य, आरती, गायन आदि कार्यक्रमों को किया जा रहा है। दिनांक21/09/2026 को कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियो के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक साज सज्जा की गई। प्राचार्य श्री जितेन्द्र जैन ने इस अवसर पर प्रेरणा देते हुए कहा कि कक्षा 12 वीं म .प्र. बोर्ड एक महत्वपूर्ण कक्षा है, जो जीवन की दिशा को तय करता है इसलिये कठिन परिश्रम, पढ़ाई के प्रति समर्पण और संकल्प से जीवन के सर्वांगीण क्षेत्र में उच्च स्थान को प्राप्त करें। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यार्थियों के द्वारा आरती, भजन, प्रश्नोत्तरी, कहानी वाचन किया गया।

### सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ



**मक्सी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत मक्सी मंडल के विभिन्न स्थानों पर भव्य रूप से आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्थानीय झंडा चौक और ग्राम सिरोलिया स्थित श्रीराम मंदिर पर हुए, जहाँ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने दीप जलाकर प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सुदीर्घ एवं जीवन की कामना की। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### वित्तीय अनियमितता के चलते पूर्व सरपंचों को किया 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित

**ब्यावरा-राजगढ़** । राजगढ़ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के न्यायालय द्वारा पंचायतों में वित्तीय अनियमितता एवं राशि वसूली से संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। ग्राम पंचायत पाडल्या आंजना, जनपद पंचायत राजगढ़ के पूर्व सरपंच चंदरसिंह एवं तत्कालीन सचिव कैलाशचन्द्र लववंशी के विरुद्ध सामुदायिक भवन एवं हेडमास्टर कक्ष से संबंधित वसूली प्रकरण प्रचलित थे।

### तेजाजी महाराज का जन्मोत्सव पर निकला निशानों का चल समारोह, निशान चढ़ाएं,13 फीट की अगरबत्ती से महका तेजाजी चौक

# तेजा दशमी पर लगे एक दिवसीय मेले में उमड़ी भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर







बड़नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में सोमवार को तेजा दशमी पर लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की जयंती मनाई गई। तेजाजी महाराज की जयंती को लेकर शहर के तेजाजी चौक स्थित वीर तेजाजी का मंदिर पर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहेगी और वे तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर नारियल चढ़ाएं।

मंदिर पुजारी कमलनाथ बैरागी ने बताया कि दो दिवसीय उत्सव की शुरूआत रविवार नवमी को की गई। जिसका पहले दिन रविवार को तेजाजी महाराज के अभिषेक, आरती की जाकर प्रसादी का वितरण हुआ। इसके पश्चात रातभर जागरण हुआ। सोमवार को प्रातः बेला में पुजन अर्चन के साथ आरती की गई। इसके पश्चात मंदिर पर देर रात्रि तक दर्शनार्थियों का तातां लगा। वही सांप के काटे भक्तो व पशुओ की तांती ( धागा) छोड़ी गई। मान मन्नत वाले भक्तजन द्वारा ढोल ढमाको के साथ छत्रीनुमा निशान भी मंदिर पर चढ़ाये गए। इस दौरान पूरा तेजाजी चोक 13 फिट लंबी अगरबत्ती की खुशबू से महकता रहा। तहसील में कई स्थानों पर मेले भी लगे और सर्पदंश से ठीक होने वाले व्यक्ति तांती छुड़ाई गई।

#### तनोडिया

सोमवार को तेजा दशमी पर्व सबसे अधिक मध्यप्रदेश, राजस्थान में धुमधाम से मनाया जाता है। ऐसा ही स्थानीय वीर तेजाजी समिति संनातन चौक के तत्वावधान में सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज का जन्मोत्सव प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। आयोजन के तहत रविवार को रात्रि में मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सोमवार को सुबह से ही वीर तेजाजी महाराज मंदिर में भक्तों का तांता लगना शुरू हुआ जो शाम 4 बजे तक जारी रहा। कोइ अगरबती नारियल, दुध चढ़ाकर मन्नत मांगी गई तो किसी ने निशान चढाकर मन्नत पूरी की गई। साथ एक दिवसीय मेला लगा। जिसमें सेकडो भक्तों ने मेला का आनंद लिया। जमकर खरीदी की गई। चल समारोह नई आबादी से प्रारभं होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शाम 4 बजे बाद संनातन चौक मंदिर परिसर में पहुंचीं। जगह-जगह अखाड़े करतब दिखाते हुए चल रहे थे। समारोह में निशान लगभग 60 से 65 निशान चल रहे थे। मंदिर पहुंचते पहुंचते करीबन 85 निशान चढ़ाएं गए। पंडाजी चेतन ने महिलाओं की गोद भी भरी गई। और क्षैत्र में सुख शांति समृद्धि बनी रहेगी। महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

#### खाचरोद

नगर में श्री वीर तेजा जी महाराज की निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकलती हुई तालाब पाल पर स्थित श्री वीर तेजाजी मंदिर पर निशान अर्पित किया गया। भक्तों का ताता लग गया।

#### महिदपुर रोड

धार्मिक त्यौहार हमारी संस्कृति की अनुपम धरोहर हैं ऐसे आयोजन हमें न केवल समुचित सामाजिक जीवन जीने की प्रेरणा देते है बल्कि परिवार के बच्चों को भी उचित धार्मिक संस्कार देने के माध्यम होते है। यह बात पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह गुर ने ग्राम बरूखेड़ी में तेजा दशमी पर तेजाजी महाराज को पुष्प माला तथा पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष कही इससे पूर्व रविवार की रात्रि में गांव में तेजाजी महाराज के मंदिर में रात्रि जागरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गांव वालों ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया सोमवार को यहां बड़ी संख्या में आसपास के गांव से तेजाजी महाराज के श्रद्धालु रंग बिरंगी छतरियां निशान लेकर आये। जाट समाज सहित अन्य समाजों के समाजजन तेजाजी महाराज में बड़ी धार्मिक आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं मान्यता है कि विषैले जीव जंतुओं के दंश से पीड़ित व्यक्ति को तेजाजी महारा ज का नाम लेकर (ध्यान कर) रक्षा सूत्र बांधने से पीड़ित व्यक्ति को विष के प्रभाव से राहत मिलती है सोमवार को गांव में महिलाओं ने चूल्हे पर भोजन नहीं बनाते हुए परंपरागत रप से दाल बाटी बनाई इस दिन जाट समाज के परिवारों में चूल्हे पर तवा नहीं चढ़ाया जाता

#### जगोटी

चौक बाजार जगोटी स्थित प्राचीन श्री सत्यवीर तेजाजी मंदिर पर सोमवार को दशमी पर्व उल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया। क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों से आए श्रद्धालुओं ने मन्नत स्वरुप निशान (छतरी) अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में सदियों से लगने वाले एक दिवसीय मेले में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। रविवार सायं को मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान आरंभ हुए, मुख्य पूजा रमेश जाट व परिजनों ने की। चार दशकों से मंदिर में सेवाएं दे रहे कैलाश वर्मा ने बताया कि दशमी के एक दिन पहले से ही घरों व दुकानों पर धारदार औजारों का उपयोग बन्द हो जाता है श्रद्धालु दशमी का वृत रखते हैं। रविवार सायं मंदिर परिसर में राजस्थान से आई नाट्य मंडली द्वारा लोक देवता वीर तेजाजी की कथा का मंचन देर रात तक किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रही। सोमवार देर शाम महाआरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

#### खरसौदकलां

क्षेत्र में सोमवार को तेजा दशमी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। तेजाजी मंदिर परिसर में सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। तेजाजी मंदिर परिसर में हवन-पूजन सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान अखाड़ों और पारंपरिक कथा के खेल करतबों का भी मंचन किया गया। दोपहर बाद मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु आस्था के निशान लेकर निकले। समाजजनों के अलग-अलग जत्थों में अखाड़ों ने पारंपरिक करतब दिखाए। तेजाजी महाराज के जयकारों के साथ निकले चल समारोह से माहौल भक्तिमय हो गया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने निशानों की पूजा-अर्चना कर आस्था प्रकट की।

### हायर सेकंडरी स्कूल में संकुल स्तरीय सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत

## विकसित भारत 2047 की संकल्पना पर विद्यार्थियों ने उकेरे सपने, दिए प्रभावी भाषण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्थानीय शा, उ.मा.वि. संकुल तनोडिया में आसपास क्षैत्र के शासकीय स्कूलों व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन संकुल स्तरीय पर किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय विकसित भारत 2047 रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, रचनात्मकता एवं विचारों के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना को चित्रों एवं भाषणों के माध्यम से प्रस्तुत किया कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए चित्रों की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विकसित भारत की संकल्पना के अंतर्गत शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, श्रीराम मंदिर, आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कार्यकर्ता रुपनारायण भाटी राठौर उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का अवलोकन करते हुए उनके उत्साह एवं रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की तथा विकसित भारत 2047 के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। चित्रकला प्रतियोगिता में कृष्णा सिसोदिया, आरती एवं पुजा का चयन किया गया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में ज्योति वाघेला,साक्षी एवं सतीश सुर्यवंशी चयनित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रार्चाय संदीप शर्मा ने किया।

इसी प्रकार सुसनेर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुसनेर में संकुल स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में संकुल क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए चित्रकला और भाषण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के बाद अतिथियों द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मार्गदर्शक नोडल गोविंद पाटीदार, संकुल प्राचार्य अनीता जैन सहित सभी शिक्षक साथियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शिवलाल दांगी ने किया।

### 24 करोड़ की जल योजना के बाद भी पेयजल संकट

## चुनावी माहौल के बीच पेयजल को लेकर लोगों में नाराजगी

■ नियमित सप्लाई और पूर्व सूचना की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव को लेकर नगर में चुनावी माहौल बना हुआ है। राजनीतिक दल और प्रत्याशी वार्डों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से संवाद कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर की पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों की परेशानी लगातार बनी हुई है। करीब 24 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किटखेड़ी डेम जल सप्लाई योजना शुरू होने के बावजूद नगरवासियों को नियमित रूप से पानी नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में नगर में एक दिन छोड़कर नल सप्लाई की जा रही है, लेकिन कई बार निर्धारित दिन पर भी पानी नहीं पहुंचता और दो से तीन दिन तक जल सप्लाई बंद रहने की स्थिति बन जाती है।

नगरवासियों की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि जल सप्लाई बंद होने की पूर्व सूचना भी नहीं दी जाती। लोगों के अनुसार कई बार सुबह निर्धारित समय पर नल आने की उम्मीद रहती है, लेकिन जब नल नहीं आते तो संबंधित कंपनी या जिम्मेदार विभाग से जानकारी लेने के बाद पता चलता है कि किसी कारण से सप्लाई रोक दी गई है। इस दौरान कई परिवारों को पानी की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए परेशान होना पड़ता है।

सोमवार को भी नगर में सुबह की नल सप्लाई प्रभावित रही। इस संबंध में जिम्मेदारों से जानकारी लेने पर बताया गया कि रविवार को बिजली बंद रहने के कारण जल सप्लाई प्रभावित हुई थी जिसके चलते सोमवार सुबह नल सप्लाई नहीं हो सकी।

#### न मुनादी, न प्रेस सूचना, लोग करते रहते हैं इंतजार

नगर में जल सप्लाई प्रभावित होने पर लोगों को जानकारी देने के लिए कोई नियमित सूचना व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। नगरवासियों का कहना है कि कई बार दो से तीन दिन तक सप्लाई प्रभावित रहने के बावजूद न तो मुनादी कराई जाती है और न ही प्रेस के माध्यम से सूचना जारी की जाती है। ऐसे में लोगों को यह जानकारी ही नहीं रहती कि पानी क्यों नहीं आ रहा है और अगली सप्लाई कब होगी।



### राठौर समाज के होनहार राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हुए सम्मानित

**तराना।** शिक्षा के क्षेत्र में छात्र खुशहाल बोडाना ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे समाज का नाम रोशन किया है। खुशहाल की इस सफलता पर उन्हें बच्चों के प्रतिभा सम्मान के भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम नीमच में विशेष रूप से पुरस्कृत व सम्मानित किया गया है।मंच पर अतिथियों द्वारा खुशहाल को उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य नागरिकों और समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खुशहाल का हौसला बढ़ाया।समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने कहा खुशहाल ने न केवल अपने माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि समाज के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने हैं।

### सुगन्धित धूप की खुशबू से महके जैन मंदिर चलसमारोह निकला,महिलाओं ने रखा उपवास



**सुसनेर।** दिगंबर जैन समाज के पर्युषण पर्व में सोमवार को सुगंध दशमी (धूप दशमी) मनाई गई। खेमन पर्व के चलते जिनालयों में भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई। धूप दशमी पर चलसमारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। रविवार को उत्तम संयम धर्म धूप दशमी के अवसर पर कथा का वाचन कर पर्व के बारे में जानकारी दी। जैन मंदिर में बच्चों और महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुती दी गई। धूप दशमी को धूप खेवन पर्व भी कहा जाता है। पर्युषण पर्व के छठवें दिन समाजजन सभी जैन मंदिरों में जाकर श्रीजी के चरणों में धूप अर्पित की जिससे वायुमंडल सुगंधित व स्वच्छ हो जाता है। जैन मंदिरों में जाकर 24 तीर्थंकरों को धूप अर्पित करने के साथ भगवान से प्रार्थना कि - हे भगवान! इस सुगंध दशमी के दिन, मैं आनंद की तलाश के रूप में अपने नाम में प्रार्थना करता हूं। मैं तीर्थंकरों द्वारा बतलाए मार्ग का पालन करने की प्रार्थना करता हूं, जो ज्ञान और मुक्ति का एहसास कराते हैं।

### सुसनेर नगर परिषद उप-चुनाव

## भाजपा ने घोषित की 55 सदस्यीय संचालन टोली, शर्मा बने चुनाव संचालक

**सुसनेर।** भारतीय जनता पार्टी जिला आगर मालवा द्वारा सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उप-चुनाव हेतु संचालन टोली का गठन कर दिया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने टोली की घोषणा की। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी सूची के अनुसार चुनाव संचालक की जिम्मेदारी महेश कुमार शर्मा को दी गई है। वहीं सह प्रभारी के रूप में राणा प्रथमपाल सिंह और जितेन्द्र सांवला को नियुक्त किया गया है। जनसंपर्क प्रभारी पवन शर्मा होंगे। कार्यालय व्यवस्था की जिम्मेदारी कमल गर्ग और सुरेश चौधरी को, जबकि निर्वाचन कार्य प्रभारी मुकेश हरदेनिया को बनाया गया है।

## सुठालिया परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित किसानों के प्रति शासन एवं जिला प्रशासन संवेदनशील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

सुठालिया परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित किसानों द्वारा अपनी मांगों को लेकर की जा रही भूख हड़ताल के संबंध में मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किसानों के साथ निरंतर संवाद एवं संपर्क बनाए रखा जा रहा है।

किसानों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जा रहा है तथा उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई लगातार की जा रही है। अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग ठाकुर एवं तहसीलदार रामनिवास धाकड़ द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों से निरंतर संपर्क एवं संवाद बनाए रखा गया। किसानों की मांगों एवं समस्याओं को समझते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की गई। मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किसानों से प्राप्त मांगों एवं संबंधित विषयों का परीक्षण कर आवश्यक जानकारी एवं प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजे जा रहे हैं, ताकि नियमानुसार उचित कार्रवाई की जा सके।

### विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने किया आयोजनकर्ता को पुरस्कृत

# गणेश विसर्जन चल समारोह में निकला झांकियों का कारवां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा



नगर भौरासा में गणेश चतुर्थी से सतत चली आ रही गणेश उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया प्रतिदिन कई तरह के आकर्षण रूप में गणेश प्रतिमाओं की घटस्थापना के साथ प्रतिदिन ढोल बाजे के साथ आरती उतार कर गणेश उत्सव मनाया।

पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर में पांच दिवसीय ही गणेश उत्सव मनाया गया जो की गणेश चतुर्थी से नवमी तक रहता है। नवमी पर्व पर गणेश उत्सव का समापन धूमधाम से मनाया जाता हे व झाकियों के काफिले के साथ करतब बाज अखाड़े भी रहते है जो की एक से बडकर एक अखाड़ों के उस्तादो द्वारा अपनी कलाकारी दिखाई जाती है जो की पूरी रात चल समारोह में अपनी करतब बाजी दिखाते है।

चल समारोह में मंडली द्वारा धार्मिक,सामाजिक,भारतीय संदेशों के साथ कई आकर्षण झाकियां सम्मलीत होती जो की नगर के आकर्षण का केंद्र रहती है। इसी के साथ नगर से बप्पा मोरिया की विदाई होती है।

नगर के युवाओं द्वारा स्वागत मंच बनाकर स्वागत किया जाता हे जिसमें बाबा भंवरनाथ भाजपा मंडल के मंच से क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर,पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल जिला महामंत्री राजेश यादव मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा मनीष यादव प्रमोद पालीवाल हिम्मत सिंह ठाकुर नीरज सिंह ठाकुर व नगर परिषद के द्वारा स्वागत सम्मान मंच पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमिला ठाकुर उपाध्यक्ष जयसिंह राणा पार्षद छोटेलाल लोधी पार्षद विनोद डोडिया सचिन यादव द्वारा विद्युत चलित झाकियां ओर अखाड़ों को 21 हजार रुपए नगद राशि ओर शिल्ड प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इसी प्रकार बड़े हनुमान चौक पर नगर कांग्रेस द्वारा स्वागत मंच मनाया गया जिस पर पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र यादव जीवन सिंह गेंदा ठाकुर द्वारा सभी को 11 हजार रुपए नगद राशि के साथ शिल्ड प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया

### 75 साल से जारी है परंपरा: गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक होता है रामलीला का मंचन



**तनोड़िया।** नगर में गणेशोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह और भक्ती का माहौल देखने को मिल रहा है। इस वर्ष भी नगर में 75 साल से ज्यादा समय से रामलीला की सांस्कृतिक विरासत को सहेजा जा रहा है। इस परंपरा का निर्वहन 1951 से लगातार जारी है। नगर में गणेश चतुर्थी से 10 दिवसीय रामलीला का मंचन किया जाता है, जो अनंत चतुर्दशी पर श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ सम्पन्न होता है। इसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा रामायण का सजीव मंचन किया जाता है। वर्षों से किए जा रहे इस आयोजन में स्थानीय लोग रामायण के विभिन्न चरित्रों को मंच पर प्रस्तुत करते हैं।

# वजन कम करते समय मीठा खाने की क्रेविंग क्यों बढ़ जाती है?

**मीठा खाने से तेजी से वजन बढ़ता है और हैरानी की बात ये है कि जब आप वेट लॉस कर रहे होते हैं तो मीठे की क्रेविंग तेजी से बढ़ती है और इसे खाने पर मजबूर कर देती है। वजन कम करने के दौरान मीठा खाने की इतनी तेज इच्छा इसलिए होती है क्योंकि डाइटिंग के दौरान कम खाना खाने से शरीर को एनर्जी के लिए तुरंत मिलने वाले स्रोतों की जरूरत महसूस होती है। ऐसे में मीठा खाने से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है और बॉडी बेहतर महसूस करती है।**



## वजन कम करते समय मीठा खाने की इच्छा क्यों बढ़ जाती है?

डाइट एक्सपर्ट एडविना कहती हैं कि वजन कम करते समय मीठा खाने की इच्छा असल में कई कारणों से बढ़ जाती है। सबसे पहले तो पसंदीदा खाने की चीजों को पूरी तरह से छोड़ देने से उन्हें खाने की मानसिक क्रेविंग बढ़ जाती है जिससे मीठे की क्रेविंग हो सकती है। इसके अलावा जैसे ही आप वेट लॉस के लिए एक तय डाइट फॉलो करते हैं बॉडी में एनर्जी शिफ्ट आता है। शुगर असंतुलित होता है। इससे शरीर और एनर्जी की मांग करता है जिससे मीठा खाने की इच्छा और बढ़ जाती है। दरअसल, ध्यान देने वाली बात यह है कि डाइट में ज्यादा कार्ब्स होते से यह बहुत जल्दी पच जाते हैं जिससे बार-बार खाने की क्रेविंग होती है और ऐसे में मीठा खाने की ज्यादा इच्छा होती है।

इस स्थिति में आपको प्रोटीन से भरपूर फूड्स का सेवन करना चाहिए जो कि मीठे की क्रेविंग को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही प्रोटीन उन हार्मोन्स को कंट्रोल करने में मदद करता है जिससे बार-बार भूख लगती है।



## लंबे समय तक फास्टिंग करने से

वेट लॉस डाइट फॉलो करने के दौरान अगर आप लंबे समय तक भूखे रहते हैं, तो आपको मीठा खाने की क्रेविंग हो सकती है। ऐसे में डाइट फॉलो करते समय अपने खाने की टाइमिंग का खास ख्याल रखें और जिस समय जैसी डाइट फॉलो करने के लिए कहा गया हो उसे ही फॉलो करें।

वेट लॉस में मीठे की क्रेविंग होने के अन्य कारण

डाइट एक्सपर्ट एडविना कहती हैं कि मीठे की क्रेविंग होने के पीछे असली कारण शरीर में शुगर की कमी नहीं है क्योंकि क्रेविंग पर आदतों, भावनाओं, तनाव, नींद, खाने की उपलब्धता और कुछ खास तरह के खाने का भी असर पड़ सकता है। इसके अलावा नींद की कमी और ज्यादा तनाव की वजह से बहुत मीठा खाने का मन हो सकता है। साल 2018 में में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, क्रोनिक तनाव का फूड क्रेविंग पर सीधा प्रभाव पड़ता है। तनाव के समय होने वाली क्रेविंग्स आमतौर पर ऐसे खाद्य पदार्थों के लिए होती हैं जिनमें शक्कर, चॉकलेट, काबोर्हाइड्रेट और फैट की मात्रा अधिक होती है। किसी खास समय पर, जैसे रात के खाने के बाद, बार-बार मीठा खाने से आदत के कारण जबरदस्त क्रेविंग हो सकती है, भले ही शरीर को अतिरिक्त एनर्जी की जरूरत न हो। बहुत ज्यादा पाबंदी वाली डाइट इस असर को और बढ़ा सकती है क्योंकि व्यक्ति को लगता है कि कुछ खास तरह का खाना मना है, जिससे उन चीजों पर ध्यान ज्यादा जाता है।

## वेट लॉस में क्रेविंग कंट्रोल कैसे करें?

डाइट एक्सपर्ट का सुझाव है कि आमतौर पर, ज्यादा पाबंदी लगाने के बजाय एक बेहतर तरीका यह है कि डाइट में प्रोटीन से भरे फूड्स, सब्जियों, फलों, साबुत अनाज, दालों, डेयरी या उसके सही विकल्पों और हेल्दी फैट को शामिल करें। साथ ही, सही समय पर अपनी पसंद का खाना सीमित मात्रा में खाने की छूट भी दी जा सकती है। फलों जैसी प्राकृतिक रूप से मीठी चीजों को खाने से मीठा खाने की इच्छा पूरी हो सकती है और साथ ही फाइबर और पोषक तत्व भी मिल सकते हैं।

# पिस्ता खाने से वजन बढ़ता है या कम होता है

**पिस्ता खाने से वजन बढ़ता है या घटता है, यह उसकी मात्रा और सेवन के तरीके पर निर्भर करता है। डाइटिशियन के अनुसार, सीमित मात्रा में पिस्ता प्रोटीन और फाइबर के कारण वजन कम करने में सहायक हो सकता है, लेकिन ज्यादा सेवन से वजन बढ़ सकता है।**

अच्छे स्वास्थ्य के लिए अक्सर लोगों को हेल्दी फैट्स जैसे पोषक तत्वों से युक्त ड्राई फ्रूट्स को खाने की सलाह दी जाती है। इनमें बादाम, काजू, अखरोट और पिस्ता जैसे कई ऑप्शन्स हैं। इसको स्नैक टाइम पर खाया जा सकता है, लेकिन जब फिटनेस और वजन को नियंत्रित करने की बात आती है, तो पिस्ता को लेकर कई लोग कन्फ्यूज रहते हैं। कई लोग सोचते हैं पिस्ता में फैट और कैलोरी होती है, जिससे वजन बढ़ सकता है। वहीं, कई लोग इसको वजन कम करने वाली डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल उठता है कि पिस्ता खाने से वजन कम होता है या बढ़ता है? अगर कोई व्यक्ति जरूरत से ज्यादा पिस्ता खाता है और उसकी कुल कैलोरी जरूरत से ज्यादा हो जाती है, तो वजन बढ़ सकता है। जब शरीर में कैलोरी की खपत ज्यादा और बर्न होने वाली कैलोरी कम होती है, तो वजन बढ़ता है।



### क्या पिस्ता वजन कम करने में सहायक है?

पिस्ता में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। पिस्ता में अच्छी मात्रा में प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराने में मदद कर सकते हैं। इससे बार-बार भूख लगने की समस्या कम होती है और आप बेवजह स्नैकिंग करने से बच जाते हैं। पिस्ता में कैलोरी भी पर्याप्त मात्रा में होती है, इसलिए वजन कम करने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए मात्रा का ध्यान रखना जरूरी है। इसको खाते समय इसकी मात्रा का ध्यान रखना जरूरी है। वजन कम करने के दौरान सीमित मात्रा में पिस्ता खाने से शरीर को एनर्जी देने में मदद मिलती है। ये एक हेल्दी स्नैक्स हैं। पिस्ता में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को मजबूत और एक्टिव करने में मदद करता है।

# Sport

मुंबई और लखनऊ के कोचिंग सेटअप का अनुभव; 17 साल बाद बदला चेन्नई का कोचिंग चेहरा

# जहीर खान चेन्नई सुपर किंग्स के हेड कोच बने

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान चेन्नई सुपर किंग्स के नए हेड कोच होंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसका ऐलान किया। जहीर अब स्टीफन फ्लेमिंग की जगह लेंगे। फ्लेमिंग 2009 से 2026 तक सीएसके के हेड कोच रहे। उनका टीम के साथ जुड़ाव 2008 में खिलाड़ी के तौर पर शुरू हुआ था।

जहीर के लिए यह क्ढछ में पहली बार किसी फ्रेंचाइजी के हेड कोच की जिम्मेदारी होगी। हालांकि, वे पिछले कई साल से टीम मैनेजमेंट और खिलाड़ियों के विकास से जुड़े रहे हैं। मुंबई इंडियंस में वे क्रिकेट ऑपरेशंस के डायरेक्टर और बाद में ग्लोबल डेवलपमेंट के प्रमुख रहे। आईपीएल 2025 में उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर की भूमिका निभाई थी। जहीर ने क्ढछ में तीन टीमों के लिए खेला। वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, मुंबई इंडियंस और दिल्ली डेयरडेविल्स का हिस्सा रहे।

2008 से 2017 के बीच उन्होंने 100 आईपीएल मैच खेले और 102 विकेट लिए। उनका इकोनॉमी रेट 7.59 रहा। 2017 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए खेलने के बाद उन्होंने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया।

भारत के लिए जहीर ने 92 टेस्ट, 200 वनडे और 17 टी-20 इंटरनेशनल खेले। वे 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज थे। क्रिकेट से संन्यास के बाद जहीर ने सीधे हेड कोच की भूमिका नहीं संभाली। उन्होंने पहले टीम मैनेजमेंट में काम किया। मुंबई इंडियंस ने दिसंबर 2018 में उन्हें डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट ऑपरेशंस नियुक्त किया। बाद में वे टीम के हेड ऑफ ग्लोबल डेवलपमेंट बने।

### लखनऊ में मेंटर की भूमिका

2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने जहीर को आईपीएल 2025 के लिए मेंटर बनाया। यहां वे हेड कोच जस्टिन लैंगर और सपोर्ट स्टाफ के साथ काम कर रहे थे। लखनऊ ने उन्हें खिलाड़ियों के साथ काम करने, रणनीतिक इनपुट देने और टीम के विकास से जुड़े व्यापक रोल के लिए जोड़ा था। फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका ने उस समय जहीर को रणनीतिक रूप से मजबूत और खिलाड़ियों के बीच सम्मान रखने वाला व्यक्ति बताया था।

जहीर की नियुक्ति में उनका भारतीय क्रिकेट और आईपीएल दोनों का अनुभव अहम है। वे लंबे समय तक खिलाड़ी रहे हैं और रिटायरमेंट के बाद फ्रेंचाइजी के अंदर क्रिकेट ऑपरेशंस और टैलेंट डेवलपमेंट में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लेमिंग के जाने के बाद नए कोच के चयन की जिम्मेदारी उरङ मैनेजमेंट ने एमएस धोनी को दी थी। शुरूआती चर्चा में विदेशी कोच का विकल्प भी था, लेकिन धोनी ने भारतीय विकल्प के पक्ष में जोर दिया और जहीर का नाम सामने आया। जहीर ऐसे समय में सीएसके से जुड़े हैं जब टीम को अपनी अगली पीढ़ी तैयार करनी है। 2026 में आठवें स्थान पर रहने के बाद टीम को स्क्वाड कॉम्बिनेशन, युवा खिलाड़ियों के विकास और ऑक्शन से जुड़े फैसलों पर काम करना होगा।

### टीम तूफान की वजह से प्रैक्टिस नहीं कर सकी

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के रिश्तों के 75 साल पूरे होने के मौके पर मंगलवार को जापान के सानो शहर में टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला जाएगा। मैच से एक दिन पहले बारिश और तूफानी मौसम के कारण भारतीय टीम प्रैक्टिस नहीं कर सकी। इस ऐतिहासिक मुकाबले में टीम इंडिया की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे।

### नैनो न्यूज

- **शेफाली ने शतक जड़कर कमाल किया-** शेफाली वर्मा के शतक से भारत ने बांग्लादेश को सेमीफाइनल में 114 रन से हराकर एशियन गेम्स फाइनल में जगह बनाई।
- **भारत फाइनल में पहुंचा शानदार अंदाज-** भारत ने बांग्लादेश को 114 रन से हराकर महिला क्रिकेट के एशियन गेम्स फाइनल में प्रवेश किया, अब श्रीलंका से मुकाबला होगा।
- **श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराया-** श्रीलंका महिला टीम ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर एशियन गेम्स महिला क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश किया।
- **मंधाना बनीं टी20 की रन मशीन-** स्मृति मंधाना ने सूजी बेट्स को पीछे छोड़कर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज का रिकॉर्ड अपने नाम किया।
- **इंग्लैंड फिर बना नंबर वन-** श्रीलंका पर टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद इंग्लैंड ने भारत को पीछे छोड़कर आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया।
- **भारत को शूटिंग में दो रजत-** एशियन गेम्स में भारत ने महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम और व्यक्तिगत स्पर्धा में दो रजत पदक जीतकर शुरूआत की।
- **सुचिका ने पदक पक्का किया-** सुचिका तारियाल ने एशियन गेम्स महिला 60 किलोग्राम एमएमए सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत का ऐतिहासिक पदक सुनिश्चित किया।

4 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज; भारत ने पाकिस्तान को टेबल टेनिस में क्लीन स्वीप किया

# एशियन गेम्स में भारत को अब तक 6 मेडल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




भारत ने जापान के नगोया में चल रहे एशियन गेम्स के दूसरे दिन 4 मेडल जीते। इनमें से 3 मेडल शूटर्स ने दिलाए। जबकि, एक मिक्स्ड मार्शल आर्टस में आया। सोमवार को मेंस 10 मीटर राइफल के इंडिविजुअल्स इवेंट में हिमांशु ढिल्लों (252.4 अंक) को सिल्वर और रुद्रांश पाटिल (230.9 अंक) को ब्रॉन्ज मिला। चीन के शेंग लिहाओ (254.2 अंक) ने गोल्ड जीता।

टीम इवेंट में भारत ने सिल्वर जीता। पार्थ माने, रुद्रांक्ष पाटिल और हिमांशु ढिल्लों वाली टीम 1890.1 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। चीन (1899.9 अंक) पहले और कोरिया (1884.2 अंक) तीसरे स्थान पर रहे।

इस बीच सुचिका तारियाल ने मिक्स्ड मार्शल आर्टस के विवादित मुकाबले में ब्रॉन्ज हासिल किया। यह इस खेल में एशियाड का पहला मेडल भी है। इंडिया को महिला हॉकी और कबड्?डी में भी जीत मिली। लेकिन, टेबल टेनिस में भारत की दोनों टीमों ने पाकिस्तान को हराया। खास बात यह रही कि पाकिस्तानी खिलाड़ी एक भी गेम नहीं जीत सके। भारत एशियन गेम्स की मेडल टैली में 12वें स्थान पर है। उसके खाते में अब 4 सिल्वर समेत 6 मेडल हैं। चीन 23 गोल्ड समेत 38 मेडल लेकर पहले स्थान पर है।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**वधु चाहिए**
क्षत्रिय युवक 49, 6 फीट हेतु वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं, विधवा मान्य। शीघ्र विवाह।
संपर्क करें 9754109866

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
INDORE METROPOLITAN DHAR • JHABUA • ALIRAJPUR


## न्यूज कॉलम

### 9.71 करोड़ का बस स्टैंड अधूरा, 10 महीने से काम बंद

**धार।** शहर में 9.71 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा अत्याधुनिक बस स्टैंड करीब तीन साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। 10 मई 2023 को भूमिपूजन के समय इसे वर्ष 2024 तक पूरा करने की बात कही गई थी, लेकिन 22 सितंबर 2026 तक निर्माण अधूरा है। करीब 9 से 10 महीने से काम बंद पड़ा है। अब बस स्टैंड की जगह बदलने के प्रस्ताव को लेकर रहवासियों और जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति जताई है। मंगलवार को बस स्टैंड क्षेत्र के रहवासी और जनप्रतिनिधि पहले धार विधायक नीना वर्मा के बंगले पहुंचे और पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा को आवेदन सौंपा।

### महिला को बाइक पर बैठाकर पीटते ले गए, सड़क पर बाल पकड़कर खींचे

**धार।** गंधवानी में सोमवार शाम करीब 7 बजे एक महिला के साथ पहले मारपीट की गई। इसके बाद दो लोग उसे बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गए। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला के साथ मारपीट और उसे बाइक पर बैठाकर ले जाते लोग नजर आ रहे हैं। मामला गंधवानी थाने का है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि दो लोग बाइक से आते हैं। इनमें से एक महिला के पास जाकर उसका हाथ पकड़ लेता है। महिला खुद को छुड़ाने की कोशिश करती है, लेकिन युवक हाथ नहीं छोड़ता। इसके बाद वह महिला को उठाकर बाइक पर बैठा देता है। महिला लगातार विरोध करती नजर आती है। वह बचाओ-बचाओ चिल्लाती है, लेकिन दोनों लोग उसे बाइक पर बैठाकर ले जाते हैं।

सोशल एक्टिविस्ट प्रहलाद पांडेय की पत्नी बोलीं- 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो मैं निगम में अनशन पर बैठूंगी

# अवैध बैनर-पोस्टर के खिलाफ 7 दिन से चल रहा अनशन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में सोशल एक्टिविस्ट प्रहलाद पांडेय पिछले 7 दिनों से रीगल चौराहे पर अनशन पर बैठे हैं। शहर में लगे अवैध बैनर-पोस्टरों के खिलाफ उनका अनशन जारी है। मंगलवार को उनकी पत्नी संगीता पांडेय समर्थकों के साथ नगर निगम की जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने अवैध बैनर-पोस्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि अगले 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो वे खुद नगर निगम में अनशन पर बैठेंगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद दोनों के जीवन की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।





पिछले दिनों प्रहलाद पांडेय मरीमाता इलाके में अवैध बैनर-पोस्टरों को लेकर वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि उनके मोबाइल से वीडियो डिलीट किए गए और डिवाइस को भी नुकसान पहुंचाया गया। प्रहलाद पांडेय ने इस मामले में विधायक गोलू शुक्ला के समर्थकों पर मारपीट का आरोप लगाया था। इसके बाद वे रीगल चौराहे पर गांधी प्रतिमा के नीचे अनशन पर बैठ गए थे।

अवैध बैनर-पोस्टरों के खिलाफ चल रहे अनशन को लगातार लोगों का समर्थन मिल रहा है। कई लोग गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर प्रहलाद पांडेय से मुलाकात कर रहे हैं और उनकी सेहत की जानकारी ले रहे हैं। अनशन के दौरान वे सिर्फ पानी ले रहे हैं। उनका वजन भी कम हुआ है। डॉक्टरों ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया है।

### जनसुनवाई में पहुंचीं पत्नी, 24 घंटे का अल्टीमेटम

मंगलवार को संगीता पांडेय समर्थकों के साथ नगर निगम की जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों से अवैध बैनर-पोस्टरों और स्वागत द्वारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। संगीता ने कहा कि शहर में कई जगह अवैध बैनर-पोस्टर और स्वागत द्वार लगे हैं, जिससे ट्रैफिक और स्वच्छता प्रभावित हो रही है। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना का भी आरोप लगाया। संगीता पांडेय ने कहा, आज नगर निगम में निवेदन किया है कि कार्रवाई करें। अगले 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो मैं नगर निगम में अनशन पर बैठ जाऊंगी। इसके बाद हम दोनों के जीवन की जिम्मेदारी प्रशासन और इंदौर की जनता की होगी।

## 70 करोड़ की एमडी तस्करी केस में ईडी की कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

करीब 70 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन (एमडी) की कथित तस्करी से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की इंदौर टीम ने आरोपियों से जुड़ी 90 लाख रुपए से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियां अंतरिम रूप से कुर्क की हैं। ये संपत्तियां हैदराबाद और मंदसौर में स्थित बताई गई हैं।

ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियां ड्रग केस के आरोपी वेद प्रकाश व्यास, दिनेश अग्रवाल और अक्षय अग्रवाल से जुड़ी हैं। एजेंसी ने इन संपत्तियों को लेकर अंतरिम कुर्की आदेश जारी किया है। क्राइम ब्रांच ने वेद प्रकाश व्यास, दिनेश अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल और अन्य के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत मामला दर्ज किया था। केस करीब 70 करोड़ रुपए मूल्य की मेफेड्रोन की व्यावसायिक मात्रा के कथित अवैध कब्जे और तस्करी से जुड़ा है।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्टर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

भारत सरकार
डॉक्टर साहब, आप तुरंत इलाज शुरू करिए... पैसों की चिंता मत करिए
क्योंकि अब हमारे साथ है आयुष्मान भारत का भरोसा
• 60+ करोड़ ज़रूरतमंदों को ₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज
• 70+ आयु के 6 करोड़ बुजुर्गों को भी आयुष्मान भारत की सुविधा
• लाभार्थियों को ₹2 लाख करोड़ की सीधी बचत हुई
• 13+ करोड़ हॉस्पिटल एडमिशन
देशभर में 38,000 से अधिक अस्पतालों में इलाज की सुविधा
1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 60+ जाँच और 150+ दवाइयां फ्री
लाभार्थी को अपने राज्य से बाहर भी देश के किसी भी हिस्से में इलाज की सुविधा
कैंसर, हार्ट और ऑर्गन ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर बीमारियों के लिए भी 100% कवरेज




अपनी पात्रता अभी जांचें: Ayushman App | beneficiary.nha.gov.in टोल-फ्री 14555
CBC 17180/13/0009/2627

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com